CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "॥

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

नवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष छूट
नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक
थोक व चिल्हर विक्रेता
(Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560

शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमंत साहू)
सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता...



वर्ष- 44 | अंक - 308 | राजनांदगांव, शनिवार 27 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

पंचमी : स्कंदमाता



## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा फैसलाः ब्रैंडेड दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ, भारत की फार्मा कंपनियों को लग सकता है झटका



नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को बड़ा आर्थिक फैसला लेते हुए भारत को एक और झटका दे दिया। उन्होंने ब्रैंडेड और पेटेंट दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इससे डॉ. रेड्डी, ल्यूपिन और अरबिंदो फार्मा जैसी कंपनियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। डोनाल्ड ट्रंप का यह फैसला 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ की जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दी है। अपने आधिकारिक एकाउंट पर लिखा-यह फैसला अमेरिका की घरेलू दवा कंपनियों को बढ़ावा देने और विदेशी दवाओं पर निर्भरता कम करने के लिए उठाया गया है। इस फैसले का सीधा असर भारत की उन फार्मा इंडस्ट्रीज पर पड़ेगा, जो अमेरिका को बड़ी मात्रा में दवाएं निर्यात करती हैं।

### किन प्रोडक्ट्स पर लगे हैं नए टैरिफ

डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रैंडेड व पेटेंट दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जबकि, किचन कैबिनेट्स पर 50 प्रतिशत, असबाबवाला फर्नीचर पर 30 प्रतिशत और बड़े ट्रकों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगान का निर्णय लिया है। बताया कि इससे घरेलू सुरक्षा और इंडस्ट्री को संरक्षण मिलेगा।

### ट्रक आयात पर बैठाई थी जांच

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रकों पर टैरिफ को राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि भारी मात्रा में ट्रकों के आयात से अमेरिका की सुरक्षा और घरेलू उत्पादन दोनों पर खतरा है। इसी साल ट्रंप ने ट्रक आयात को लेकर जांच के आदेश भी दिए थे।

### भारत पर क्या होगा असर?

भारत दवाओं का एक बड़ा निर्यातक है। भारत ने पिछले साल (2024) अमेरिका को 31,626 करोड़ की दवाएं एक्सपोर्ट की है। इसी तरह 2025 में अब तक यह आंकड़ा 32,505 करोड़ पार कर चुका है।

### ये फार्मा कंपनियां करती हैं एक्सपोर्ट

भारत की जेनरिक दवाएं अमेरिका में किफायती इलाज का अहम जरिया बनी हुई हैं। डॉ. रेड्डी, सन फार्मा, ल्यूपिन और अरबिंदो फार्मा जैसी कंपनियां अमेरिकी बाजार में बड़े पैमाने पर काम कर रही हैं। इन कंपनियों की मार्केट वैल्यू और शेयर भी गिर सकते हैं।

### जेनरिक दवाओं को फिलहाल राहत

अमेरिका ने फिलहाल ब्रैंडेड और पेटेंट दवाओं पर ही टैरिफ लगाया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सोनम वांगचुक एनएसए के तहत गिरफ्तार, लेह में इंटरनेट सेवा बंद; हिंसा में गई थी चार की जान



लेह। लद्दाख में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई, जब लेह में बंद और विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम उन्हें लेकर उनके घर जा रही है। स्थानीय संगठनों और वांगचुक समर्थकों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची के तहत विशेष संरक्षण की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। आंदोलन के तेज़ होने के साथ ही प्रशासन ने एहतियातन कई इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार, सोनम वांगचुक को शाम 2.30 बजे लद्दाख पुलिस प्रमुख एस.डी. सिंह जम्वाल के नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन पर लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। गृह मंत्रालय ने इस हिंसा के लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है। वांगचुक, जो लेह (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### वांगचुक की गिरफ्तारी से क्रोधित केजरीवाल, बोले- उनके साथ घटिया राजनीति कर रही भाजपा



आम आदमी पार्टी ने लद्दाख को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक के साथ केंद्र सरकार के रवैये की कड़ी आलोचना की है। आप ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित केंद्र सरकार वांगचुक जैसे देशभक्त को तुच्छ राजनीति का शिकार बना रही है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस व्यक्ति ने अपना पूरा जीवन शिक्षा सुधार और नवाचार को समर्पित कर दिया, उसे सरकार का पूरा तंत्र प्रताड़ित कर रहा है।

### रतन दुबे हत्याकांडः एनआईए ने दो माओवादी कार्यकर्ताओं के खिलाफ पेश की चार्जशीट

रायपुर। केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छत्तीसगढ़ में साल 2023 में बीजेपी नेता रतन दुबे की हत्या मामले में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) आतंकी संगठन के दो कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शिवानंद नाग और उनके पिता नारायण प्रसाद नाग का नाम गुरुवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दायर दूसरे पूरक आरोप पत्र में दर्ज किया गया है। एजेंसी ने अपने बयान में कहा कि दोनों को दुबे की नृशंस हत्या से संबंधित आपराधिक साजिश में सक्रिय रूप से शामिल पाया गया है। नाग भाकपा (माओवादी) के सक्रिय कार्यकर्ता थे और दुबे के साथ उनकी पहले से ही राजनीतिक, व्यावसायिक और व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता थी।

एनआईए ने बताया कि नवंबर 2023 में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के झाराघाटी क्षेत्र के कौशलनार गाँव में एक भीड़भाड़ वाले साप्ताहिक बाजार में चुनाव प्रचार के दौरान दुबे की कुल्हाड़ियों से काटकर हत्या कर दी गई थी। लक्षित हत्या का उद्देश्य चुनाव में बाधा डालना और स्थानीय लोगों को आतंकित करना था।

## सिलतरा में स्टील प्लांट का ढांचा गिरने से छह मजदूरों की मौत, कई घायल

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां की सिलतरा स्थित एक निजी स्टील प्लांट में निर्माणाधीन ढांचा गिरने से छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं छह मजदूर घायल हैं, जिसमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।



जिला प्रशासन ने घायलों को इलाज के लिए देवेंद्र नगर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना धरसींवा पुलिस चौकी क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे और घायलों को मलबे से निकालने का कार्य जारी है। बताया जाता है कि मलबे में कई लोग दबे हुए हैं। फिलहाल, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। छह मजदूरों का शव नारायणा अस्पताल पहुंचा है। छह से अधिक घायलों को देवेंद्र नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर इलाज जारी है।

स्थानीय प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी है और घायलों के समुचित इलाज का आश्वासन दिया है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

### सीएम साय ने शोक व्यक्त किया

इस हादसे को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। सीएम ने मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए घायल मजदूरों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## कस्टम मिलिंग घोटालाः रायपुर में बड़े बिल्डर के घर ईडी की रेडः बिलासपुर में सुल्तानिया-ग्रुप के ठिकानों पर छापा,प्रॉपर्टी खरीदी-बिक्री के दस्तावेज खंगाल रही टीम

रायपुर। छत्तीसगढ़ में ईडी की टीम ने शुक्रवार सुबह रायपुर, बिलासपुर और धमतरी में कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी के मुताबिक ये छापा कस्टम मिलिंग घोटाले से जुड़ा है। घोटाले के पैसों से प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री की गई है। इसी को लेकर ईडी की टीम जांच कर रही है।

ईडी ने रायपुर में रहेजा ग्रुप के ठिकानों पर छापा मारा है। बिलासपुर में सुल्तानिया ग्रुप के मीनाक्षी सेल्स के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि वित्तीय लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग केस में छापेमारी की गई है। सुबह से ईडी की टीम घर के अंदर दस्तावेज खंगाल रही है।

### रायपुर में रहेजा ग्रुप के ठिकानों पर दबिश

रायपुर के जवाहर मार्केट स्थित रहेजा गुप के संचालक रहेजा के घर और ऑफिस पर शुक्रवार सुबह से ही ईडी की टीम मौजूद है। अधिकारी दस्तावेज, फाइलों और वित्तीय रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। घर के भीतर कागजातों की जांच और पूछताछ की जा रही है।



### बिलासपुर में सुल्तानिया ग्रुप पर छापा

इसी तरह बिलासपुर में ईडी की टीम ने सुबह-सुबह सुल्तानिया परिवार के क्रांति नगर स्थित आवासीय और कारोबारी ठिकानों पर दबिश दी। सुल्तानिया ग्रुप के मीनाक्षी सेल्स के ठिकानों पर ईडी की टीम रिकॉर्ड, बैंक स्टेटमेंट और वित्तीय दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही है। बिलासपुर में मीनाक्षी सेल्स, सुल्तानिया ग्रुप का कारोबार है, जो कोयला, सीमेंट, छड़, स्टील और अन्य ट्रेडिंग से जुड़ा हुआ है। वहीं, कार्रवाई के चलते इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। 25 जुलाई 2025 को 140 करोड़ की कस्टम मिलिंग स्कैम केस में रिटायर्ड एएसआई अनिल टुटेजा और कारोबारी अनवर ढेबर से EOW ने पूछताछ की। 2700 मिलर्स से वसूली मामले में 3500 पेज का चालान कोर्ट में पेश हो चुका है। EOW दूसरा चालान जल्द पेश करने की तैयारी में है। EOW के मुताबिक मनोज सोनी ने 33 जिलों से वसूली का जिम्मा अनवर ढेबर को दिया था। वहीं अनवर ने शराब दुकान के लिए प्लेसमेंट एजेंसी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### आज पीएम मोदी देंगे ये बड़ी सौगातें

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी शनिवार को ओडिशा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे ओडिशा को बहुत सारी सौगात देने वाले हैं।



इसके तहत सबसे पहले पीएम मोदी अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे, फिर 1700 करोड़ रुपये के रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और बीएसएनएल के स्वदेशी 4 प्रतिशत स्टैक का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही झारसुगुड़ा से पीएम मोदी आठ आईआईटी के विस्तार की घोषणा भी करेंगे और फिर बेरहामपुर के एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज और संबलपुर के वीआईएमएसएआर अस्पताल को सुपर-स्पेशलिटी दर्जा देंगे। यह पीएम मोदी का पिछले 15 महीनों में ओडिशा का छठा दौरा होगा। वहीं राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करेंगे।

## मणिपुर, नगालैंड-अरुणाचल में अफस्पा की अवधि बढ़ी; पूर्वोत्तर में शांति कायम रखने के लिए केंद्र का फैसला

नई दिल्ली। देश के पूर्वोत्तर इलाके में शांति कायम रखने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा आदेश जारी किया है। केंद्र सरकार ने मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश में अफस्पा की अवधि छह महीने के लिए बढ़ा दी है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि सरकार ने पांच जिलों के 13 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर पूरे मणिपुर को छह महीने के लिए अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। वहीं नगालैंड के नौ जिलों और पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थानों में अफस्पा की अवधि छह महीने के लिए बढ़ाई गई है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों और एक अन्य जिले के तीन पुलिस थानों में अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र की अवधि छह महीने बढ़ाई है। तीनों राज्यों के विशेष क्षेत्रों में अशांत क्षेत्र का विस्तार 1 अक्टूबर से छह महीने के लिए प्रभावी होगा। यह कानून अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और राज्य के नामसे जिले के असम की सीमा से लगे तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किया गया। मणिपुर को लेकर गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया कि मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई है। इसलिए सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (1958 का 28) की धारा तीन में प्रदत्त शक्तियों के तहत, पांच जिलों के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर पूरे मणिपुर राज्य को एक अक्तूबर से छह महीने की अवधि के लिए अशांत क्षेत्र घोषित किया जाता है। जब तक कि इसे पहले वापस नहीं ले लिया जाता। मणिपुर में जिन (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## प्रियंका ने एनडीए सरकार पर बोला हमला, कहा- पुराने हथकंडे नहीं चले तो वो चोरी करने लगे वोट

पटना। बिहार में पहली बार अपनी एक चुनावी रैली को संबोधित करने मोतिहारी पहुंचीं कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक ही मकसद है कि किसी भी तरह से चुनाव जीतना और सत्ता में बने रहना। इसके लिए यह लोग जाति, धर्म और घुसपैठ जैसे मुद्दों को उछालते हैं। जब यह पुराने हथकंडे नहीं चले तो अब वोट की चोरी पर उतर आए हैं।



उन्होंने जनता से सवाल पूछा कि आप जानते हैं कि पिछले 20 साल से बिहार में कौन सत्ता में है? इन बीस साल में महिलाओं के लिए इन्होंने क्या किया? पिछले 20 साल तक नीतियां किसने बनाईं? तो फिर पिछले 20 साल में आपको 10,000 रुपये क्यों नहीं दिए? सरकार ने यह भी नहीं बताया कि यह राशि हर महीने मिलेगी या नहीं। यह भी क्यों नहीं बताया कि अब आपकी कीमत सिर्फ 10,000 रुपये रह गई है? इस सरकार ने बिहार की जनता के साथ अन्याय किया है। केवल भ्रम फैलाया है। अब हाल बदलने का समय आ गया है। आप बहुत झेल चुके हैं, अब असली बदलाव लाने का वक्त है। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि सांसद राहुल गांधी को असली देशभक्त हैं। इसलिए वह जनता की पीड़ा को समझने के लिए 4,000 किलोमीटर पैदल चले। मैं यह इसलिए नहीं कह रही हूं कि वो मेरे भाई हैं। राहुल गांधी एक सच्चे देशभक्त हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने की बड़ी घोषणाः छत्तीसगढ़ से ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को मिलेंगे 21 लाख रुपये




रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित सर्किट हाउस सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान बैठक में वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन, वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन, वर्ष 2025-26 हेतु ऑडिटर की नियुक्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण एजेंडा पर चर्चा की गई।

छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब छत्तीसगढ़ से ओलंपिक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 21 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इन प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और निखारने के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। हमने पूर्व में बंद हुए खेल अलंकरण समारोह को पुनः प्रारंभ किया है और जल्द ही उत्कृष्ट खिलाड़ी सम्मान समारोह भी प्रारंभ किया जाएगा।

### खेलो इंडिया के नए परिसरों की शुरुआत

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में खेलो इंडिया के नए परिसरों की शुरुआत की गई है। कुछ महीने पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया का भी छत्तीसगढ़ आगमन हुआ था, जहां हमने उनसे खेल अधोसंरचना के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की। विशेषकर ओलंपिक खेलों को लेकर खिलाड़ियों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाकिस्तानी पीएम का भारत के खिलाफ जीत का दावाः यूएन में बोले- भारत ने पहलगाम हमले का राजनीतिक फायदा उठाया

न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को यूएन में भारत को दुश्मन बताते हुए दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान शांति चाहता है। शहबाज ने कहा कि उन्होंने पहलगाम हमले की निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच की अपील की थी, लेकिन भारत ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और उस त्रासदी का राजनीतिक फायदा उठाया। शरीफ ने कहा कि वे पिछले साल ही यूएन के मंच से चेतावनी दे चुके थे कि पाकिस्तान किसी बाहरी हमले को सहने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी चेतावनी सच साबित हुई। इस साल मई में बिना उकसावे के पाकिस्तान पर हमला हुआ।



### ट्रम्प को दखल देने के लिए शुक्रिया कहा

शाहबाज ने दावा किया कि पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान मजबूत पोजिशन में होते हुए भी सीजफायर का समर्थन किया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि अगर उनका दखल नहीं होता तो पूरे इलाके में बड़ी जंग हो सकती थी। शहबाज ने कहा कि ट्रम्प की शांति की कोशिशों को देखकर ही पाकिस्तान ने उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया है। ट्रम्प की वजह से दक्षिण एशिया में एक विनाशकारी जंग टल गई। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान विवादित मुद्दों को लेकर भारत के साथ बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया को उकसाने वाले नेताओं की नहीं बल्कि समझदारी से काम लेने वाले नेताओं की जरूरत है। पीएम शहबाज ने भारत पर सिंधु जल संधि को एकतरफा तौर पर रोकने का आरोप लगाया और कहा कि यह न सिर्फ संधि का उल्लंघन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बरेली में जुमे की नमाज के बाद बवाल, पुलिस का लाठीचार्जः आंसू गैस के गोले दागे

बरेली। बरेली में जुमे पर बवाल हो गया है। यहां नमाज के बाद पुलिस टीम पर पथराव किया गया। बताया जा रहा पूरा विवाद आई लव मोहम्मद के पोस्टर को लेकर हुआ। पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इससे भगदड़ मच गई।



मौलाना तौकीर रजा ने मुस्लिमों से नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड में इकट्ठा होकर प्रदर्शन करने की अपील की थी। जुमे की नमाज के बाद भीड़ सड़क पर उतर गई और जबरन इस्लामिया मैदान में जाने की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने रोक लिया। इस पर भीड़ ने धार्मिक नारे लगाए। थोड़ी देर में पथराव शुरू हो गया। पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले दागे। फिलहाल, पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा को हिरासत में ले लिया है। पूरे बरेली में फोर्स मार्च कर रही है। अधिकारी लोगों को घरों में रहने की हिदायत दे रहे। आसपास के जिलों से फोर्स बढ़ा दी गई है। मौलाना तौकीर रजा इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष है।

हर बीमारी का सही इलाज, हर हफ्ते आपके शहर में
आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लिनिक 7869899833, 8871626367
राजनांदगांव मेडिकोज सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास, जी.ई. रोड

| | |
|---|---|
| डॉ.आर. के. साहू<br>MD (MEDICINE)<br>DM (NEPHROLOGY) KOL. | किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक गुरुवार - शाम 4 से 5 बजे |
| डॉ. आकाश बक्शी<br>MBBS,DNB( CARDIO ) | हृदय रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक शुक्रवार - दोप. 2 से 4 बजे |
| डॉ. नवीन राम दारुका<br>M.CH (UROLOGY) BHU | पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक शनिवार - दोप. 2 :30 से 3 :30 बजे |
| डॉ. कुलदीप सिंह<br>MS, M.CH (NEURO) | नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक शनिवार - दोप. 3.30 से 4.30 बजे |
| डॉ. रैनी अग्रवाल<br>IVF SPECIALIST, COSMETIC GYNAECOLOGIST, | निःसंतानता (IVF) एवं कॉस्मेटिक गायनोकॉलोजी विशेषज्ञ<br>प्रत्येक बुधवार दोप. 2 से 4 बजे |
| चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग संबंधित सुविधाएं | चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक बुधवार दोप. 1 से 2 बजे |

CMYK

# गरबे की थाप पर थिरके, कदम संगीत में डूबे सैकड़ों लोग

## अहमदाबाद के सिंगर राजवर्धन सुथार ने अपनी गायकी से बांधा समां



राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्यापीठ केसर नगर के विशाल मैदान में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा भव्य गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल मैदान में विशाल शेड लगाकर रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट की गई है। जिसके नीचे सैकड़ों की भीड़ देर रात तक गरबा की मस्ती में झूमती रही।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहे अहमदाबाद के लोकप्रिय सिंगर राजवर्धन सुथार जिन्होंने अपनी मधुर आवाज और शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गरबा गीतों पर बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक सभी देर रात तक थिरकते रहे। सी.आर.सी. दिव्यांगजन समेकित केंद्र ठाकुरटोला के बच्चों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को विशेष बना दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। 25 सितंबर को राजघराना राजपूताना थीम पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य विजेता इस प्रकार रहे क्यूट परफॉर्मेंस (बेस्ट लुक) किड सुहानी श्रीवास्तव, बेस्ट ड्रेसअप फीमेल खुशबू देवांगन, बेस्ट ड्रेसअप मेल किशोर साहू, फुटरी परफॉर्मेंस विनीता खंडेलवाल, ब्धनो चोखो परफॉर्मेंस आशीष पांडे, बेस्ट गर्ला किड रानी सोनी, बेस्ट गरबा फीमेल गीताजली सोनी, बेस्ट गरबा मेल वासनिक दशरथ, बेस्ट एक्सप्रेशन वंशिका धुने, परफेक्ट परफॉर्मेंस सागर बडेरा, एनर्जेटिक परफॉर्मेंस हिमांशी धकेता, शालीन परफॉर्मेंस डॉ. रीमशा अग्रवाल, निपोन पेंट गिफ्ट प्रतियोगिता विजेता बेस्ट किड पूर्विता शर्मा, बेस्ट फीमेल विधि जैन, बेस्ट मेल जय चोटिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पुसुसपेन्दु, श्रीमती राहुल कुमार, सुश्री पलक डोंगरे, सुश्री सिखा यादव, सुश्री लायकेश्वरी साहू, सुश्री नेहा झा, सुश्री अंजलि, श्वेता, सुश्री नेहा तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# कल पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर

**सिंधु भवन में लोगों को सप्ताह भर मिलेगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ**

राजनांदगांव (दावा)। शहर की सेवाभावी संस्था पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर द्वारा 28 सितंबर से आगामी 4 अक्टूबर तक सात दिवसीय निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, गुरमुख दास वाधवा, राजकुमार डुलानी, घनश्याम दास गंगवानी एवं अध्यक्ष मन्नुमल मोटवानी ने बताया कि सिंधु भवन लाल बाग में आयोजित होने वाले उक्त निशुल्क चिकित्सा शिविर 28 सितंबर से रोजाना सुबह 8:30 से 12:30 तक तथा अपरान्ह 4 से देर शाम 8 बजे तक चालू रहेगा। समाज के इन वरिष्ठों ने बताया कि उक्त निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में राजस्थान के एक्यूप्रेशर चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. गोवर्धन चौधरी और डॉ. भौमराज चौधरी आ रहे हैं।

पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व महासचिव अमर लालवानी व वर्तमान महासचिव हरिश मोटवानी तथा चिकित्सा शिविर कमेटी के राजा माखीजा, अशोक मोती रामानी, नितिन बत्रा, हरिश मोटलानी, चंदन रुचंदानी, विजय गंगवानी, गिरधारी पंजवानी, चंद्रपाल कटियारा, अरुण डुलानी आदि के द्वारा उक्त चिकित्सा शिविर की जोरो-शोरो से तैयारी की जा रही है। पूज्य सिंधी पंचायत के उपरोक्तजनों ने लोगों से इस निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा सेवा का ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभ लेने की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी अर्जुन दास गंगवानी ने दी है। साथ ही कहा है कि सिंधु भवन में इसका पूर्व पंजीयन शुरू हो चुका है। भीड़ से बचने लोग पहले से आकर अपने अथवा अपने पीड़ित परिजन का नाम पूर्व पंजीयन करवा सकते हैं।

# अब सरकार सब्जी की फसलों को बना रही मांसाहारी - सूर्यकांत जैन



**कहा - जैन व हिंदू समाज की भावनाओं को तगड़ा झटका**

राजनांदगांव (दावा)। शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व दिगंबर जैन समाज के सचिव सूर्यकांत जैन ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय कृषि एवं खाद्य श्रृंखला में गांव प्रजाति के पशुओं और मछली के अपशिष्ट को घुसाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उनका कहना है कि यह निर्णय जैन और हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। श्री जैन ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शाकाहार के विरुद्ध केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा जारी गजट नोटिफिकेशन के जरिए करोड़ों शाकाहारी लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में 13 अगस्त को आपके मंत्रालय द्वारा FCO1985 में संशोधन करते हुए गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसमें ऐसे प्रावधान जोड़े गए हैं। जिनके तहत अब बायो-स्टिमुलेंट में पशु-आधारित अमीनो एसिड को वैध कर दिया गया है। गजट नोटिफिकेशन के आइटम नंबर 26 के अनुसार मछलियों के मांस और खाल से निकाले गए प्रोटीन हाइड्रोलाईजेट को आलू की फसलों में फर्टिलाइजर के रूप में उपयोग करने की अनुशंसा है। वहीं आइटम नंबर 30 के अनुसार गौ-जातीय पशुओं के मांस और चमड़े से प्राप्त प्रोटीन हाइड्रोलाईजेट को टमाटर की फसलों में फर्टिलाइजर के रूप में उपयोग करने की अनुमति दी गई है। सूर्यकांत जैन ने कहा कि यह सीधी विडंबना है कि आलू और टमाटर जैसी सब्जियां, जिन्हें शाकाहारी समाज भरपूर मात्रा में उपयोग करता है। अब मांसाहारी तत्वों से उत्पादित होंगी।

उन्होंने सवाल किया कि क्या आपकी अंतरात्मा ने इतना बड़ा गलत निर्णय लेने में आपको धिक्कारा नहीं? जबकि फर्टिलाइजर के लिए आवश्यक अमीनो एसिड प्राकृतिक रूप से पौधों, दलहन, सोयाबीन, समुद्री शैवाल आदि से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि मंत्रालय ने कत्लखानों और चमड़ा घरों से निकली गंदगी (हड्डियां, खून, चमड़ा, आंतरिक अवशेष आदि) से बने उत्पादों को कृषि उत्पादन में उपयोग करने की मंजूरी देकर न केवल शाकाहारी समाज की भावनाओं को आहत किया है। बल्कि भारतीय कृषि एवं खाद्य श्रृंखला में गौ-जातीय पशुओं के वेस्ट को घुसाने का षड्यंत्र भी किया है।

सूर्यकांत जैन ने आगे कहा कि स्लॉटर हाउस और मीट इंडस्ट्री के पास प्रतिदिन लाखों टन वेस्ट बचता है और अब इस वेस्ट को बायो-स्टिमुलेंट के नाम पर फर्टिलाइज़र में खपाने का रास्ता सरकार ने खोल दिया है। इसका सीधा लाभ स्लॉटर हाउस लॉबी को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संभवतः इस निर्णय के पीछे राजनीतिक चंदे और मीट लॉबी की मिलीभगत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह निर्णय करोड़ों शाकाहारी लोगों की धार्मिक आस्था और जीवनशैली के अधिकार (अनुच्छेद 21) का उल्लंघन है, इसलिए यह आदेश हिंदू और जैन समाज के लिए पूरी तरह अस्वीकार्य है। मांग रखी गई कि कृषि और खाद्य सुरक्षा में स्लॉटर हाउस वेस्ट का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए। जारी गजट नोटिफिकेशन को तत्काल वापस लिया जाए। श्री जैन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया तो समाज को इसके विरोध में जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# पटरी पार क्षेत्र से पाँच खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता हेतु चयन

**माताओं ने तिलक लगाकर आशीर्वाद के साथ रायपुर किया रवाना**



राजनांदगाँव (दावा)। शोर्यपथ/छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव के मार्गदर्शन में रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरी पार क्षेत्र स्थित चिखली स्कूल मैदान में संचालित निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण केंद्र से पाँच खिलाड़ियों का चयन 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रायपुर के लिए हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 30 सितम्बर तक सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में किया जा रहा है, जिसमें चयनित खिलाड़ी दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पिछले आठ महीनों से चलाए जा रहे इस शिविर में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एनआईएस गोल्ड मेडलिस्ट कोच मृणाल चौबे के मार्गदर्शन में लगभग 250 खिलाड़ी नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक चिखली मैदान तथा शाम 4:30 से 6:30 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में अभ्यास सत्र जारी रहता है। शाम के प्रशिक्षण में खेलो इंडिया कोच शकील अहमद और आरती शेंडे खिलाड़ियों को विशेष मार्गदर्शन दे रहे हैं। बालिका वर्ग में चयनित खिलाड़ियों में पुष्पिता साहू (लक्ष्य पब्लिक स्कूल), द्विशा निषाद (राजेश्वरी करुणा स्कूल), घनिष्ठा साहू (वेसलियन स्कूल) और मोनिष्का विश्वकर्मा (विनायक पब्लिक स्कूल) शामिल हैं, वहीं बालक वर्ग में दक्ष चौबे (रॉयल किड्स कान्वेंट) का चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी वरिष्ठ प्रशिक्षक किशोर धीवर एवं चन्द्रहास साहू के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जबकि टीम मैनेजर के रूप में दिलीप रावत और महिमा यादव अपनी सेवाएँ देंगे।

खिलाड़ियों के चयन पर छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला हॉकी संघ सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ खिलाड़ी नरेश डाकलिया, नीलम जैन, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, प्रकाश शर्मा, अजय झा, अनूप श्रीवास्तव, कुमार स्वामी, प्रशिक्षक भूषण साव, सहायक संचालक खेल विभाग ए. एक्का, प्रशिक्षक अनुराज श्रीवास्तव, वरिष्ठ खिलाड़ी गुणवंत पटेल, महेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रिंस भाटिया, अब्दुल कादिर, दिग्विजय श्रीवास्तव, गुरुनानक स्कूल प्राचार्य योगेश द्विवेदी, जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र ठाकुर, रुद्राक्षम् अध्यक्ष विष्णुनंद चौबे, साई प्रशिक्षक परमजीत सिंह, खेल प्रशिक्षक हनीफ कुरैशी एवं हारुन खान ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

# चैतन्य देवियों की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र, लाइट एंड साउंड के साथ राजयोग की साधना का अद्भुत प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा ज्ञान मानसरोवर में आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी का भव्य उद्घाटन महापौर मधुसूदन यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन किया तथा इसकी भव्यता एवं सजीवता की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्रह्माकुमारीज द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन नगर के भक्तजनों के दर्शनार्थ किया गया है। इस झांकी में विशेष रूप नौ देवियां विराजमान हैं, जो कि ब्रह्माकुमारी, मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां उमा, मां जगदम्बा, मां लक्ष्मी, मां काली, मां संतोषी एवं मां गायत्री। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी, पार्षद राजा माखीजा, पार्षद डू रेंद्र साहू, पार्षद शैंकी बग्गा, पार्षद वीणा ध्रुव, पूर्व पार्षद गुरुमुख दास वाधवा, महाकाल भक्त राजू डागा, संजय तेजवानी, पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पदम कोठारी ने शोकाकुल परिवार को बांधा ढांढ़स



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम धामनसरा के संयुक्त महामंत्री ब्लाक कांग्रेस ग्रामीण कमेटी राजनांदगांव कृतलाल पटेल के माताश्री सुमित्रा पटेल विगत दिनों निधन हो गया था। प्रदेश संयुक्त महामंत्री पदम कोठारी, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव पंकज बांधव, संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव योगेन्द्र दास वैष्णव, कांग्रेसी नेता विजय साहू ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# नवरात्रि पर परीक्षा स्थगित करने की मांग, एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व पर विश्वविद्यालय द्वारा तय की गई परीक्षा तिथियों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने विरोध जताया है। परिषद की राजनांदगांव इकाई ने महाअष्टमी और महानवमी के दिन होने वाली परीक्षाओं को स्थगित करने की मांग को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन स्थानीय कॉलेज प्राचार्यों के माध्यम से कुलपति तक पहुँचाया गया।

एबीवीपी का कहना है कि महाअष्टमी और महानवमी जैसे पावन अवसर पर परीक्षा आयोजित करना छात्रों की धार्मिक आस्था के साथ-साथ मानसिक संतुलन पर भी असर डालता है। परिषद ने मांग की है कि परीक्षा तिथियों में बदलाव कर नई तारीख घोषित की जाए।

नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा, नवरात्रि हमारे धर्म और संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। इन विशेष तिथियों पर परीक्षा आयोजित करना विद्यार्थियों की पूजा-अर्चना और पारिवारिक धार्मिक कार्यक्रमों में बाधा बनता है। यह केवल एक शैक्षणिक विषय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक सम्मान का भी मामला है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की, कि छात्रों की भावनाओं का सम्मान करते हुए महाअष्टमी और महानवमी की तिथियों पर परीक्षा न रखी जाए। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलनात्मक कदम भी उठाए जा सकते हैं।

# जप हर-हर भोला फेम गायक सुनील बंसोड देंगे भजनों की प्रस्तुति

## रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे आयोजित होगा देवी जगराता



राजनांदगांव (दावा)। अंचल के सुप्रसिद्ध जस गायक, जिन्हें जप हर-हर भोला गीत से विशेष प्रसिद्धि मिली है, ऐसे श्री सुनील बंसोड और उनकी टीम द्वारा भव्य देवी जगराता कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम शनिवार दिनांक 27 सितंबर को अन्ना फैंस क्लब एवं नवयुग दुर्गा पूजा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे आयोजित किया जा रहा है। भजनों की इस विशेष प्रस्तुति की शुरुआत नवयुग दुर्गा पूजा समिति के प्रांगण में रात्रि 8 बजे से होगी। आयोजकों ने सभी सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। यह जानकारी अन्ना फैंस क्लब के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश राव चीकू द्वारा प्रदान की गई।

# सोमनी पुलिस ने युवक से लूट करने वाले चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**लूट के दो नग मोबाईल, चांदी के चैन व घटना में प्रयुक्त 2 नग मोटर सायकल तथा धारदार चाकू किया जप्त**



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट के सामान बरामद कर लिया है और उन्हें गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रार्थी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, वह 14 सितंबर को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी-07/एडी 0201 से मगनटा घुमने गया था, घुमकर वापस घर जा रहा था, करीबन 1:30 बजे ग्राम झुराडबरी मरसपोटा धाम के पास 4 अज्ञात व्यक्ति आये और उनमें से दो लोग अपने पास रखे चाकू को प्रार्थी के गले में टिकाकर जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी के जेब से पर्स जिसमें 1700 रूपये नगद, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, 2 नग वीवो कंपनी का मोबाईल, गले में पहने चांदी का चैन, हाथ में पहने घड़ी को लूट कर ले गये थे।

### संदेह के आधार पर धर दबोचे गए आरोपी

थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी के पता तलाश दौरान विवेचना दौरान संदेही मन्नुलाल को हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ किए जाने पर उन्होंने बताया कि गत 14 सितंबर को अपने दोस्त रामचरण, मनीष यादव, निलेश तिवारी के साथ करीबन 1:30 बजे मरसपोटा धाम ग्राम झुरडबरी के पास एक मोटर सायकल सवार को रोकना व निलेश तिवारी, मनीष यादव द्वारा अपने पास रखे चाकू निकालकर रोके हुये व्यक्ति को दिखाकर धमका कर उसके पास रखे पर्स, 2 मोबाईल, चांदी का चैन, घड़ी को छीनना बताया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 2 नग मोटर सायकल, 2 नग धारदार चाकू तथा लूट की 2 नग मोबाईल फोन, 1 नग घड़ी क जप्त किया और आरोपी मन्नू लाल उर्फ मनीष मैथिल क्षत्रीय पिता रामेश्वर उम्र 22 साल निवासी कोपेडीह, निलेश तिवारी उर्फ राजू तिवारी उम्र 23 साल निवासी वार्ड नं 7 गली नं. 1, मनीष यादव उर्फ टेटे पिता कौशल यादव उम्र 21 साल निवासी वार्ड नं 11 टेडेसरा, रामचरण साहू पिता स्व. दीनदयाल साहू उम्र 24 साल निवासी कोपेडीह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भागीरथी पिता पंचुराम ग्राम -हसदा तहसील- भाटापारा जिला- बलौदाबाजार (छ.ग.) का निवासी हुँ यह शपथ पत्र मेरे द्वारा पेश किया गया शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं अंक सूचि में मेरा नाम भागीरथी पिता पंचुराम जाति गोड़ है उसी आधार पर आधार कार्ड में मेरा नाम भागीरथी आ. पंचुराम के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**भागीरथी ध्रुव**
आ. पंचुराम निवासी-हसदा
तह.-भाटापारा जिला
बालौदा बाजार (छ.ग.)

## शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-5-8
458-7 126-9
राजधानी
780-5 589-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान,गण्डई**

## ईश्तहार

प्रकरण क्रमांक 202509290100090अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मानसिंह पिता गोविन्द जाति तेली निवासी ग्राम विचारपुर तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई द्वारा ग्राम विचारपुर स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.63 रकबा 0.324 हे. में से रकबा 0.040 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (मिनी राईस मिल) हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् बी-1, खसरा, फोटोग्राफ्स सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि को औद्योगिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वें दिनांक 09/10/2025 को या इसके पूर्व स्वतः अथवा मान्य अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीयन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**खैरागढ़**

**न्यायालय तहसीलदार कुमरदा, जिला राजनांदगांव**

## ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202509092000036
अ-6/वर्ष 2024-2025

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बिंदाबाई, ध.पं. कुंजलाल एवं अन्य 04 वगैरह जाति कंवर के द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम आतरगांव प.ह.न. 11 तहसील कुमरदा स्थित भूमि ख.नं. 343/3, 543/12, 543/14, 543/14, 543/16, 543/18, 543/6, 489/5, 304, 302/2 रकबा क्रमशः 0.06, 0.06, 0.52, 0.34, 0.16, 0.10, 0.10, 1.06, 0.05, 0.06 कुल ख.नं. 10 कुल रकबा 2.53 एकड़ भूमि आवेदिका के पति कुंजलाल के नाम दर्ज है। आवेदिका के पति कुंजलाल का माननीय अपर जिला न्यायाधीश महोदय राजनांदगांव में पारित आदेश दिनांक 27.06.2025 मृत्यु होने के फलस्वरूप उनका नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसों के नाम पर नामांतरण किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 व अपर जिला न्यायाधीश की आदेश की छायाप्रति पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/09/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 18-09-2025
पेशी दिनांक 30-09-2025

**तहसीलदार कुमरदा,**
**जिला- राजनांदगांव**






# घंटे भर जोरदार बारिश से तहसील कार्यालय हुआ लबालब, लोगों का आफिस जाना हुआ मुश्किल

**0 तहसील कार्यालय में आवाजाही के लिए परेशान हो रहे लोग**

**0 इसे उंचा उठाने व नाली बनाने प्रशासन का ध्यान नहीं**

राजनांदगांव (दावा)। पिछले सप्ताह भर से झमाझम बारिश हो रही है। शहर की निचली बस्तियों मे पानी भरने से लोगों को खासी दिक्कतें हो रही है वही शहर की जर्जर सड़कों के उभर आए गड्ढों में जल जमाव होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी उठाना पड़ रहा है। शुक्रवार की शाम तकरीबन 5 बजे गरज चमक के साथ लगभग घंटे भर तक हुई बारिश से जगह-जगह जल जमाव हो गया।

शहर के चाहे निचले स्थान में स्थित जिला चिकित्सालय हो या पुराना, नया बस स्टैंड या फिर तहसील कार्यालय सभी जगह एक जैसी स्थिति है। जरा-सी बारिश होने पर तालाब जैसी स्थिति बन आती है। तहसील कार्यालय में तो घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है।

तहसील कार्यालय में कार्य करने वाले लोगों ने बताया कि कार्यालय परिसर में पानी भरे होने से उन्हें आफिस आने-जाने में काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय के बल्देव बाग रोड की ओर स्थित नगर निवेश कार्यालय के रास्ते में गड्डे बन गए हैं। जिससे उसका रास्ता कीचड़ मय हो गया है। लोग कूद फांदकर नगर निवेश आफिस प्रवेश कर पा रहे है। दिक्कत की बात यह की यह आफिस कुछ साल पहले नया बनाया गया है लेकिन उक्त आफिस को सड़क की उंचाई देख कर नहीं बनाए जाने से थोड़ी सी बारिश होने से इसके परिसर में पानी भर जाता है। जिससे इसके सामने कीचड़ का माहौल बना रहता है।



### लोगों का कार्यालयों में प्रवेश टेढ़ी खीर

पटवारी कार्यालय में प्रायः जाने वाले मोहन सिंह ने बताया कि तहसील कार्यालय परिसर में घुटनों तक पानी भरे होने से न केवल पटवारी कार्यालय, तहसीलदार आफिस, एसडीएम आफिस, रोज़गार कार्यालय आदि में लोगों का जाना मुश्किल हो जाता है। लोगों का कहना है कि राजा के जमाने के बने इस बिल्डिंग की मजबूती अभी भी बनी हुई है। लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा इसकी रख-रखाव में ध्यान नहीं दिया जाता। केवल राजा की संपत्ति का उपयोग किया जा रहा है। तहसील कार्यालय दिनों- दिन सड़क के नीचे होते जा रहा है इसे उंचा उठाने, पाटने अथवा पानी निकासी के लिए नया ड्रेनेज सिस्टम बनाने की दिशा में बिल्कुल ही ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### बार रुम से डेढ़ लाख देने की हुई थी घोषणा

बता दें कि बारिश के दिनों में तहसील कार्यालय परिसर में तालाब जैसी स्थिति निर्मित होती है। इससे परेशान तहसील कार्यालय के वकीलों, नोटरी स्टाम्प वेंडरों ने पूर्व सांसद व वर्तमान महापौर से शिकायत की थी। तहसील कार्यालय परिसर में पानी भरने की समस्या से उन्हें मुक्ति दिलाने की मांग की थी। नोटरी मोरध्वज साहू ने बताया कि दो वर्ष पूर्व वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान तहसील कार्यालय पधारे श्री यादव को उक्त बातें कही थीं इस दौरान कलेक्टर एसडीएम तहसीलदार सभी उपस्थित थे जिनके सामने बार रुम से डेढ़ लाख रुपए देने के लिए कलेक्टर से कहा गया था। लेकिन दो साल बाद भी उक्त समस्या निदान के लिए वह राशि आज तक नहीं मिल पाई। समस्या आज भी जैसे के तैसे बनी हुई है।

तहसील कार्यालय के स्टांप वेंडर व पूर्व एल्डरमेन झम्मन देवांगन ने बताया कि पानी भरने की समस्या के संबंध में एसडीएम खेमलाल वर्मा व निगम आयुक्त को परिसर से पानी निकासी के लिए अंडरब्रिज की तरह नाली बनाने के लिए कहा था जिस पर दोनों ने हामी भी भरी थी लेकिन आज तक वह कार्य नहीं हो पाया। बारिश के दिनों में लोगों के परेशानी का कारण बने तहसील कार्यालय परिसर में घुटनों तक भरने वाले पानी के समस्या कैसे निदान हो इसके लिए वहां स्थित राजगामी संपदा के लोगों व एसडीएम, तहसील व कलेक्टर को ध्यान देने की आवश्यकता है, लेकिन सभी इस ओर से आंखें मुंदे हुए हैं जिसके चलते तहसील कार्यालय आने वाले हर वर्ग को लोगों को करना पड़ता है।

# रायपुर-दुर्ग मेट्रो को राजनांदगांव तक लाने की मांग तेज, कैट ने डॉ. रमन सिंह को सौंपा ज्ञापन

**व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय विकास में होगा बड़ा इज़ाफ़ा**



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में रायपुर से दुर्ग तक प्रस्तावित मेट्रो परियोजना को लेकर अब राजनांदगांव के व्यापारी और नागरिक भी सक्रिय हो गए हैं। शहर को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने की मांग दिनोंदिन तेज हो रही है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिला अध्यक्ष राजेश (राजू) डागा ने कहा कि मेट्रो शुरू होने से यातायात की समस्या कम होगी। साथ ही व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। हाल ही में आयोजित व्यापारी संगठनों की बैठक में मेट्रो संचालन को लेकर व्यापक रणनीति बनाई गई। सभी व्यापारियों ने एक स्वर में इस मांग का समर्थन किया और हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उनका कहना है कि मेट्रो ट्रेन न केवल स्थानीय कारोबार को गति देगी, बल्कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्रप्रदेश से जुड़े इस जिले को सीधा लाभ मिलेगा।

### सेवा पखवाड़े के सम्मेलन में भी उठी मांग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को सिंधु भवन में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, युवा आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिंह तथा औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैट परिवार की ओर से संजय तेजवानी ने प्रमुख अतिथियों को रायपुर से राजनांदगांव तक मेट्रो ट्रेन शुरू करने का मांग पत्र सौंपा गया।

### युवाओं में मेट्रो को लेकर उत्साह

स्थानीय युवा भी सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर इस मांग को मुखर कर रहे हैं। उनका कहना है कि मेट्रो जैसी आधुनिक सुविधा से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और शहर का भविष्य उज्ज्वल होगा। शहरवासी मानते हैं कि मेट्रो ट्रेन से न केवल समय और ईंधन की बचत होगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। उनका कहना है कि मेट्रो जुड़ने से छोटे शहरों को बड़े शहरों से जुड़ने का तेज साधन मिलेगा। जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी। शहरी परिवहन विशेषज्ञों का मानना है कि राजनांदगांव जैसे तेजी से बढ़ते शहर को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ना भविष्य की दृष्टि से आवश्यक है। विशेषज्ञ कहते हैं कि यदि अभी से पहल की जाती है तो आने वाले 20 वर्षों में शहर की ट्रैफिक और पर्यावरणीय समस्याओं का बड़ा समाधान मेट्रो साबित होगी।

### जनप्रतिनिधियों से उम्मीद

कैट के व्यापारियों ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडे को इस विषय में गंभीर पहल कर राजनांदगांव को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने में सक्रिय योगदान देंगे। बैठक में कैट के संरक्षक अनिल बरडिया, शरद अग्रवाल, अशोक पांडे, राजू डागा, भावेश अग्रवाल, आलोक बिंदल, संजय तेजवानी, प्रकाश कांकरिया, राहुल जायसवाल, सागर चितलांगिया, हेतल भोजानी, बालू शर्मा, सागर गोलछा एवं मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया सहित कई व्यापारी मौजूद रहे। आधुनिक परिवहन साधन न केवल सुविधा बढ़ाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक प्रगति के भी आधार बनते हैं। मेट्रो जैसी पहल से आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित, स्वच्छ और तेज़ जीवनशैली मिल सकती है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# जागरूक बनें, जिंदगी की हर धड़कन सुरक्षित करें-डॉ. दारुका



दुर्ग (दावा)। सितंबर माह को विश्वभर में प्रोस्टेट कैंसर अवेयरनेस मंथ के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका ने पुरुषों से अपील की है कि समय पर जांच कराएँ और किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें। उनका कहना है कि शुरुआती स्टेज में प्रोस्टेट कैंसर का इलाज आसान और सफल होता है।

डॉ. दारुका के अनुसार, प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में सबसे आम कैंसरों में से एक है और 50 वर्ष की उम्र के बाद इसका खतरा बढ़ जाता है। शुरुआती दौर में लक्षण अक्सर छिपे रहते हैं, लेकिन बार-बार पेशाब आना, पेशाब में रुकावट, थकान और हड्डियों में दर्द इसके संकेत हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि पीएसए टेस्ट (प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजेन टेस्ट) और नियमित हेल्थ चेकअप इस बीमारी को समय रहते पकड़ने का सबसे असरदार तरीका है। समय पर जांच कराने से न केवल इलाज आसान होता है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बनी रहती है।

डॉ. दारुका ने पुरुषों को यह भी सलाह दी कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान और शराब से दूरी बनाएं। 50 साल की उम्र के बाद हर साल प्रोस्टेट की जांच कराना बेहद जरूरी है। किसी भी असामान्य लक्षण को हल्के में न लें।

***संदेश साफ है - जागरूक बनें, समय पर जांच कराएँ और जिंदगी की हर धड़कन सुरक्षित करें।***

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**नागपुर मंडल के विभिन्न स्थानों में जन-साधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) की नियुक्ति के लिए आवेदनों का आमंत्रण**

**अधिसूचना क्रमांक: जी 27 / 138/ जेटीबीएस दिनांक: 12.09.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर सफल आवेदकों के परिसर से कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) के माध्यम से अनारक्षित/सामान्य टिकटें जारी करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के विभिन्न स्थानों में **"जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक" (जेटीबीएस)** के चयन एवं नियुक्ति हेतु दिनांक **14.10.2025** तक आवेदन आमंत्रित करते है। ऐसे उम्मीदवार जो विनिर्दिष्ट शर्तों को पुरा करते हों, निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं।

| Sr. | Names of JTBS Station | जेटीबीएस स्टेशन का नाम |
|---|---|---|
| 1 | Netaji Subhash Chandra Bose Itwari | नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी |
| 2 | Gondia | गोंदिया |
| 3 | Rajnandgaon | राजनांदगाँव |
| 4 | Chanda Fort | चांदा फोर्ट |
| 5 | Chhindwara | छिंदवाड़ा |
| 6 | Dongargarh | डोंगरगढ़ |
| 7 | Balaghat | बालाघाट |
| 8 | Wadsa | वडसा |

**पात्रता / योग्यता:**

1. आवेदक 18 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए और भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. आवेदक कम से कम एसएससी / मैट्रिक या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
3. आवेदक जिला मजिस्ट्रेट या एडिशनल जिला मजिस्ट्रेट या सब जिला मजिस्ट्रेट या ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर या तहसीलदार द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करें। आवेदक को स्थानीय पुलिस स्टेशन से अच्छे आचरण और उसके विरूद्ध कोई अपराधिक मामले लंबित नहीं है, इ. आशय का प्रमाण पत्र भी संलग्न करना आवश्यक है।
4. अनारक्षित टिकटें जारी करने के लिए जे टी बी एस हेतु चयनित स्थल / परिसर, सभी रेल उपयोगकर्ताओं / नागरिकों की पंहुच के भीतर होना चाहिए।
5. आवेदक जिस स्थान / क्षेत्र हेतु आवेदन कर रहा है उसे उस क्षेत्र के ग्राम पंचायत / नगर निगम क्षेत्र / जिले का स्थाई / मूल निवासी होना चाहिए।
6. एक व्यक्ति से एक से अधिक आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**जमा राशि / गारंटियां:**

1. चयन होने पर चयनित आवेदक को रु 25,000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) की प्रत्यर्पणीय प्रतिभूति जमा (Refundable Security Deposit) रेलवे के पास वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (PFA & CAO, SEC RLY.) के पक्ष में जो कि नागपुर में देय हो, जमा करना होगा। 2. आवेदक को आवेदन के साथ रु.1,00,000/- (रु. एक लाख मात्र) का बैंक सॉलवेंसी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

**जेटीबीएस की अवधि:**

अनुबंध की प्रारंभिक अवधि 3 (तीन) वर्ष की होगी। तत्पश्चात जे.टी.बी.एस के अनुबंध की अवधि के दौरान संतोषपद्र कार्य के आधार पर अनुबंध की अवधि में और तीन वर्ष तक का विस्तार किया जा सकता है।

**आवेदन प्राप्त तथा प्रस्तुत करने की समय सारणी:**

शर्तें एवं निबंधन युक्त आवेदन प्रपत्र मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) द.पू.म. रेलवे, नागपुर के कार्यालय से दिनांक **01.10.2025** से **14.10.2025** तक सुबह **10.30** बजे से दोपहर **15.00** बजे के बीच किसी भी कार्यालयीन दिन में **रु. 500/-** (रु. पांच सौ मात्र) का भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है जो कि PFA & CAO/SEC RLY के पक्ष में जो कि नागपुर में देय हो, लगाना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन रद्द समझा जाएगा।

भरे हुये आवेदन पत्र समस्त सलंग्नको सहित मुहरबंद लिफाफे में (जिस पर स्थान / क्षेत्र जिस हेतु आवेदन किया गया है तथा स्वयं का नाम पता व दुरभाष नंबर लिखा हो) मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), द.पू.म. रेलवे, नागपुर के कार्यालय में मुहरबंद डिब्बे में व्यक्तिगत रुप से डाले जाएं।

आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तारीख **14.10.2025** को **15.00** बजे तक है। आवेदन का मुहरबंद डिब्बा दिनांक **14.10.2025** को **15.30** बजे खोला जाएगा।

***कोई भी कारण प्रस्तुत किये बगैर, कोई भी, या सभी आवेदन अस्वीकृत करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।***

PC/26-128

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर,
भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से

# पीएचई विभाग में अफसरों की मनमानी- पंजवानी



**जिला पीएचई कांट्रेक्टर एसो. ने दिया डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन**

राजनांदगांव (दावा)। जिला पीएचई कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने जिले के पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग) में अधिकारियों की मनमानी और व्याप्त समस्याओं को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि पीएचई विभाग में अफसरों की मनमानी इस कदर है कि छोटे ठेकेदारों के भुगतान हेतु जो राज्यांश की राशि खंड कार्यालय को दी गयी थी, उसे मल्टीविलेज के बड़े ठेकेदारों को भुगतान करने हेतु उच्च विभाग द्वारा वापस ले लिया गया है। इससे छोटे ठेकेदारों का भुगतान नहीं हो पाया है। यही स्थिति पूरे प्रदेश में बनी हुई है। भुगतान न होने से ठेकेदारों को भारी आर्थिक एवं मानसिक संकटों से गुजरना पड़ रहा है। विगत एक साल से कभी इंपैनलमेंट के नाम पर, कभी पंचायत द्वारा हैंडओवर नहीं हो पाने के नाम पर, कभी हर घर जल सर्टिफिकेशन कराने के नाम पर कभी डिमांड नहीं चढ़ा है, कभी बिल नहीं बनाने के नाम पर एवं अन्य नए-नए कारणों से ठेकेदारों को परेशान किया जा रहा है। इससे ठेकेदारों का आर्थिक नुकसान हो रहा है और कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अशोक पंजवानी ने डॉ. रमन सिंह को समस्याओं से अवगत कराकर निराकरण हेतु विभाग को आवश्यक निर्देश देने की मांग की। उन्होंने डॉ. सिंह को बताया कि ठेकेदारों के कार्य के अनुसार तत्काल डिमांड चढ़ाकर भुगतान की व्यवस्था की जाए। जिन ठेकेदारों द्वारा क्लॉरिनेटर इम्पैनलमेंट के पहले लगाये गये हैं, उन्हें नए इम्पैनल्ड क्लोरिनेटर लगाने हेतु बाध्य न किया जाए एवं पुराने को ही रेगुलाइज्ड किया जाए। ठेकेदारों के एफ.एच.टी.सी. कार्य पर काटी जा रही राशि पर तत्काल रोक लगाई जाये एवं जिन ठेकेदारों की उक्त कार्य की राशि काटी गयी है उन्हें वापस किया जाए।

उन्होंने बताया कि सोर्स उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है। ठेकेदार विभाग के कार्यो की एजेंसी मात्र है। अतः सोर्स उपलब्ध न हो पाने की स्थिति में ठेकेदारों का भुगतान रोका जाना पूर्णतः अनुचित है। अतः भुगतान किया जाये। विभाग द्वारा 70 प्रतिशत भुगतान की जो कंडीशन लगायी गई है। वह पूर्ण रूप से कार्य नियमावली के विरूद्ध है। अतः उक्त कंडीशन को तत्काल हटाया जाए। रायल्टी की कटौती विभाग द्वारा शासकीय दर पर की जाए न कि 3 गुना पेनाल्टी लगा कर। विभाग ठेकेदारों के अनुबंध में जीएसटी की राशि अलग से प्रदान करें, ऐसा उच्च अधिकारियों को आदेशित किया जाए। विभाग ठेकेदारों के अनुबंध पत्रक (जिसमें अनुबंध होता है) में दी गई कंडिकाओं से छेड़छाड़ न करें तथा ठेकेदारों को अनुबंध से बाहर के कार्यो को करने हेतु मजबूर न किया जाए।

इस अवसर पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अशोक पंजवानी के साथ उपाध्यक्षगण दीपक शर्मा, संजय संचेती, वीरेंद्र चौहान, नरेश रामटेके, सचिव विनय बिंदल, सारांश आजमानी, कोषाध्यक्ष अतुज अग्रवाल, मनोज ठाकुर, विजय अग्रवाल, गोलू सिन्हा, वैभव शुक्ला, प्रतीक जैन, अर्जुन सिन्हा, इंदर साहू डोंगरगढ़, राकेश शेण्डे, मानिक वर्मा, कुलदीप कुलजेकर, प्रियांक जैन डोंगरगांव आदि उपस्थित रहे।

# को-आपरेटिव बैंक कर्मचारी सहकारी संस्था की 43वीं आमसभा संपन्न

**मेधावी छात्रों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान**



राजनांदगाँव (दावा)। को-आपरेटिव बैंक कर्मचारी सहकारी शाखा संस्था मर्यादित राजनांदगांव का 43वां वार्षिक आमसभा 21 सितंबर को संस्था द्वारा नवनिर्मित भवन नया बस स्टैण्ड सिविल लाईन राजनांदगांव में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल एवं बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुधीर सोनी अतिथ्यि में कार्यकम सम्पन्न हुआ। सभा को बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल द्वारा संबोधित किया एवं कार्यक्रम की भुरी-भुरी प्रशंसा की गई और आगे भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु प्रेरणात्मक उद्बोधन किया गया। संस्था द्वारा आमंत्रित अतिथ्यिों का संस्था के अध्यक्ष दीपक कायरकर, नीता साहू उपाध्यक्ष, संचालक मंडल के सदस्यों एवं प्रबंधक प्रकाश कुमार साहू द्वारा स्वागत किया गया।

अध्यक्ष दीपक कायरकर ने बताया कि इसके पश्चात वर्ष 2024-25 में उच्च अंक पाने छात्र/छात्राओं को सम्मान किया गया। कक्षा पांचवी श्रेया यादव, आयांश राजपूत, आरव सिंह चंदेल, अवनी वैष्णव, राजनंदनी पाण्डेय, मिष्ठी मानिकपुरी, कक्षा 8वीं से राजवीर पाण्डे, हिमानी जंघेल, अलीजा फातिमा, लिसिका गोस्वामी, यूजस टाण्डेकर, तलबिया फातिमा, दृष्टि देवांगन व कक्षा 10वीं से अंशुमन राजपूत, समीक्षा अखिलेश एवं कक्षा 12वीं से खोमेश निनावे एवं समस्त छात्र/छात्रा को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। तद्पश्चात् बैंक से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों शुकदेव राम जंघेल, लक्ष्मीकांत सोनी, सुरेश कुमार सोनटक्के, रोहित कुमार चंद्रवंशी, शुभेंद्र कुमार नेमा, सजनदास गोप, मयाराम सिन्हा, सेवाराम साहू, भोलाराम नेताम, निर्मल ठाकुर, कुलेश्वर सिंह ठाकुर समस्त लोगों को श्रीफल, शाल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संचालक मंडल के अध्यक्ष दीपक कायरकर, उपाध्यक्ष नीता साहू एवं प्रबंधक प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष अरूण कुमार निनावे, विमला बघेल, प्रफुल्ल शर्मा, राजकुमार निर्मलकर, अनिरूध कोरान्ने, दीपक ढीण्ढे, सुभाष यादव, सैय्यद अफजल, ओमप्रकाश उपस्थित थे। विशेष रूप से कार्यक्रम में मनीष श्रीवास्तव, दिनेश अवस्थी, मंजू ग्रोवर, चुरामन गोस्वामी, रविप्रकाश मिश्रा सहित कवर्धा एवं राजनांदगांव जिले के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह जानकारी संस्था के प्रकाश साहू ने दी।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत अभिलाषा में स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत आज दिनांक 26 सितम्बर दिन शुक्रवार को जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा व उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार के मार्गदर्शन में अभिलाषा दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान राजनांदगांव में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए रोगानुसार होम्योपैथी दवाईयां निःशुल्क वितरित किया गया, स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. प्रीति बोरकर होमियोपैथी चिकित्सा अधिकारी राजनांदगांव एवं फार्मासिस्ट बिसाहू सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। शिविर में संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव, प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते, शिक्षक महेंद्र सिंह यादव, नरेंद्र देवदास, आराधना थवाईत, अंजू शर्मा का सहयोग प्राप्त हुआ। संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार बोददून, सचिव सीए रूपम सोनछत्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपाई, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, राजेश अग्रवाल, जनसंपर्क प्रभारी सूरज बुद्धदेव द्वारा चिकित्सा दल के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

# हाईस्कूल बागनदी में सरस्वती प्रदाय योजना के तहत निःशुल्क सायकल वितरण किया गया

**डॉ. रमन सिंह द्वारा प्रारंभ की गई योजना ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए नई क्रांति लाई - दिनेश गांधी**



डोंगरगढ़ (दावा)। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी सरस्वती प्रादय योजना के तहत हाईस्कूल बागनदी में दिनेश गांधी के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। साथ में जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू, जनपद पंचायत सभापति थनवार मण्डावी, जनपद सदस्य अशोक नेताम, जनभागीदारी अध्यक्ष प्रकाश देशमुख, सरपंच सुरेश सहारे, कुणाल निर्मलकर, गणेशु सिन्हा, मदन चक्रवर्ती सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब राज्य में डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री बने तब शाला में छात्राओं की संख्या बढ़ाने और महिला सशक्ति करण को मजबूती प्रदान करने के लिए स्कूल का चयन किया गया। आने वाली पीढ़ी शिक्षा से जुड़कर समाज और गाँव को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाये। इसी उद्देश्य से सरस्वती प्रादय योजना लाकर नवमी कक्षा के बच्चों को निःशुल्क सायकल वितरण करना प्रारम्भ किया। जिसका अच्छा परिणाम मिला और इस योजना को अन्य राज्यो में भी लागू किया और छात्र-छात्राओं की उज्ववल भविष्य की कामना किया जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने भी अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा हमें संस्कार सिखाती है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में मनाया गया हिंदी पखवाड़ा




राजनांदगांव (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में हिंदी पखवाड़ा अत्यंत उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। पखवाड़े की शुरुआत 12 सितंबर को प्रार्थना सभा में प्राचार्य मनोज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इस दिवस के शुभ अवसर पर श्रीमती मेघा आप्टे स्नातक शिक्षिका ने हिंदी भाषा की समृद्धि और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। पखवाड़े के दौरान कहानी, कविता लेखन, कविता पाठ, तात्कालिक भाषण, 'रुतलेखन, अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने न केवल अपनी भाषा के प्रति प्रेम एवं सम्मान को प्रकट किया। अपितु अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय भी दिया। कार्यक्रम के आज समापन दिवस पर निर्णायक मंडल द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी पहचान और एकता की भाषा है। भाषा वही जीवित रहती है, जिसे बोलने और अपनाने वाले हो, हम सभी का यह कर्तव्य है कि हिंदी को गर्व और आत्मविश्वास के साथ अधिक से अधिक प्रयोग कर राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संचालित करने में श्रीमती मोहिनी साहू, यगेश्वर साहू, सुश्री इंदू चंदेल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

## अनमोल दावा

> **साहसी व्यक्ति भाग्य से ज्यादा कर्म पर विश्वास करता है।**

## अतिवृष्टि मानसून के विदा होते ही बाढ़ और जलजमाव जनित परेशानियों को भुला देना ठीक नहीं

इस मानसून ने यह दर्शाया कि वर्षा का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। मानसून की विदाई के बीच देश के अनेक हिस्सों में भारी बारिश देखने को मिली। पिछले दशकों के अनुभवों पर गौर करें तो बाढ़ का प्रकोप मुख्यतः पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राज्यों जैसे असम, पश्चिम बंगाल, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में देखने को मिलता था, लेकिन इस वर्ष का परिदृश्य बिल्कुल भिन्न है।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड के साथ-साथ गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और पंजाब तक में बाढ़ का विकराल रूप सामने आया। पंजाब और हरियाणा, जो देश के लिए प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक क्षेत्र माने जाते हैं, वहां बाढ़ के कारण लाखों हेक्टेयर में खड़ी फसलें नष्ट हो गईं। बादल फटने के कारण पहाड़ी राज्यों जैसे उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर के विभिन्न स्थानों पर जन-धन की भारी हानि हुई। इसे केवल दुर्योग नहीं समझा जाना चाहिए।

अब यह साफ है कि जलवायु परिवर्तन के कारण तूफान, चक्रवात, अतिवृष्टि, बादल फटने और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं अधिक होंगी। इससे देश भर में सभी प्रकार की फसलों की हानि के साथ-साथ मौजूदा बुनियादी ढांचे जैसे रेल, सड़क, बिजली, बड़े पुल, दूरसंचार नेटवर्क आदि को भी क्षति होगी। इसके परिणामस्वरूप राष्ट्र को चौतरफा हानि झेलनी पड़ेगी। इस समस्या का टिकाऊ और दीर्घकालिक समाधान क्या हो सकता है, इस पर गंभीर चिंतन होना चाहिए और इसमें देर नहीं की जानी चाहिए। यह ठीक नहीं होगा कि मानसून विदा होते ही बाढ़ और जलजमाव जनित परेशानियों को भुला दिया जाए।

अनेक वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि आने वाले वर्षों में बादल फटने की आवृत्ति बढ़ सकती है और जलवृष्टि की तीव्रता भी अनिश्चित रहेगी। कब, कहां और कितनी वर्षा होगी, इसका पूर्वानुमान भी कठिन होगा। अभी तक विश्व में मौसम विज्ञान से संबंधित कोई उपग्रह और उपकरण बादल फटने की भविष्यवाणी करने में सक्षम नहीं हुए हैं और न ही निकट भविष्य में इसकी संभावना है।

इसलिए जल से संबंधित बुनियादी ढांचे की बार-बार हानि को सहने के बजाय, एक साथ राष्ट्रव्यापी सुदृढ़ इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाना चाहिए। भारत की विकास यात्रा में सड़क, रेल, हवाई मार्ग, नागरिक विमानन, बिजली, दूरसंचार और मोबाइल आदि का एक व्यापक नेटवर्क स्थापित किया गया है। इन क्षेत्रों में अभी पर्याप्त निवेश का सिलसिला कायम है। इसी के चलते आज भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। पिछले 50 वर्षों में जल इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए भी प्रयास किए गए हैं, लेकिन वे आज पर्याप्त नहीं दिखते।

नदियों को आपस में जोड़ने की योजनाओं पर 1972 से विचार चल रहा है, लेकिन केवल एक-दो उदाहरण ही सामने आए हैं। जल शक्ति मंत्रालय के गठन की प्रासंगिकता को और भी बल मिलेगा, यदि सभी प्रकार के जल संसाधनों का उपयोग कर जल शक्ति अभियान के अंतर्गत आने वाले दो मुख्य उद्देश्यों च्हर घर को नल से जलज् और च्हर खेत को जलज् को पाइपलाइन या खुली नहरों के नेटवर्क के माध्यम से प्राप्त किया जाए। हमारे देश में जल संबंधी बुनियादी ढांचे को स्थापित करने से समुचित राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पाती। इसके परिणामस्वरूप जो भी ढांचा बनता है, उसके रख-रखाव के लिए आवश्यक जन-धन संसाधन बहुत कम आवंटित होते हैं। अन्य क्षेत्रों जैसे रेल, सड़क, हवाई मार्ग, मोबाइल नेटवर्क आदि में निवेश से संबंधित संगठनों को राजस्व और अन्य अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। ऐसे में जल अवसंरचना के निर्माण में निजी कंपनियां आने से हिचकती हैं और निवेश करने से कतराती हैं।

वर्तमान सरकार का लक्ष्य आत्मनिर्भर और विकसित भारत है। यह लक्ष्य प्राप्त करना तब संभव होगा, जब भारत जल के क्षेत्र में सुरक्षित होगा, क्योंकि कृषि की सुरक्षा जल सुरक्षा पर निर्भर करती है। भविष्य में जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में और विकराल होंगे। इसके परिणामस्वरूप देश में बड़े संकट खड़े होंगे। अतिवृष्टि जनित जल संकट का स्वरूप क्या होगा, यह केवल प्रकृति ही जानती है। सबसे अधिक जनसंख्या वाला भारत आपदा प्रबंधन और निवारण की तैयारी हमेशा करता रहता है। अब उसे हर स्तर पर जल निकासी के लिए सक्षम ढांचे को भी तैयार करने की आवश्यकता है। अच्छा हो कि नदियों को जोड़ने वाली परियोजनाओं के साथ इसे जोड़ा जाए, ताकि एक स्थान के बाढ़ का पानी दूसरे स्थान का संरक्षित जल संसाधन बने, न कि समुद्र में मिल जाए। जल अवसंरचना के निर्माण की गति में वृद्धि और सार्वजनिक निवेश को बढ़ाने में और देरी नहीं होनी चाहिए। वर्ष 2019-2020 की परिकल्पना के अनुसार भारत में जल इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण में 15 वर्षों तक 270 अरब डालर का निवेश होना था। इस परिकल्पना पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। यह समय की मांग है कि जल निकासी के लिए पाइपलाइन या नहरों का ऐसा नेटवर्क स्थापित किया जाए कि क्षेत्रों का आपस में जल संतुलन स्थापित हो सके। सुदृढ़ राष्ट्रव्यापी जल अवसंरचना के निर्माण में चीन की भांति भारी निवेश करके ही भारत आत्मनिर्भर और 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सकता है।

# व्यापार में सुगमता बढ़ाने से अभूतपूर्व निवेश आकर्षित हो सकता है



**डॉ. सौम्य कांति घोष**

हाल ही में वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत पर भरोसा दोहराया है। यह भरोसा भारत की अर्थव्यवस्था की उस मजबूत संरचना को साबित करता है, जो पिछले कुछ वर्षों में कठिन मेहनत से तैयार की गई है। इससे व्यापार को लेकर उठने वाला संदेह और शोर-शराबा भी शांत हुआ है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि संपत्ति का बराबर बंटवारा हो और सभी को समान अवसर मिलें, सरकार ने 'बारबेल रणनीति' अपनाई है। इसके तहत नीतियों और नियमों में कई तरह के सुधार किए जा रहे हैं, ताकि ईज ऑफ बिज़नेस के अलग-अलग स्तंभ मज़बूत हों। साथ ही, बड़े पैमाने पर औपचारिकीकरण, वित्तीयकरण और तकनीकी एकीकरण को ज़रूरी बनाया गया है।यह निवेश आकर्षित करने और अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने के लिए अनिवार्य है।

महामारी के बाद भू-राजनीतिक हालात ने मैन्युफैक्चरिंग के तरीके बदलने की ज़रूरत पैदा कर दी। इसी के चलते भारत ने एक नई राह पकड़ी है, जहां 'ईज ऑफ एग्जिट' यानी व्यापार से बाहर निकलने की आसानी पर जोर दिया जा रहा है। यह निवेशकों के लिए बहुत अहम है क्योंकि वे पूंजी लगाते समय इस सुविधा को देखते हैं। साल 2000 से अब तक भारत में 1 ट्रिलियन डॉलर से ज़्यादा का एफडीआई आया है, जिसमें सेवाएं, तकनीक और टेलीकॉम जैसे क्षेत्र सबसे ज़्यादा लाभान्वित हुए हैं (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही तक ही लगभग 25 अरब डॉलर निवेश आया है)।

जब सेबी विश्वसनीय विदेशी निवेशकों के लिए एकल खिड़की स्वचालित एवं सामान्यीकृत पहुंच (स्वागत-एफआई) लागू करता है, कम जोखिम वाले माने जाने वाले प्रमुख विदेशी निवेशकों के लिए पहुंच को सरल बनाता है, या आरबीआई फेमा दिशानिर्देशों में बहुप्रतीक्षित बदलाव लाता है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में रुपये का उपयोग बढ़ता है, तो अटलांटिक पार से आने वाली हलचलें अविस्मरणीय होती हैं। संस्थागत सुधारों की सफलता आईबीसी, संपत्ति पुनर्निर्माण, इंफ्रा फाइनेंसिंग और बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवाओं में 'प्लग-एंड-प्ले' मॉडल के रूप में दिखती है। इन क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेज़ी से बढ़ता इस्तेमाल इसे और मज़बूत बना रहा है। जनसंख्या के पैमाने पर कई नीतिगत कदम उठाए गए हैं, जैसे पीएमएवाई (3.2 करोड़ घरों को मंजूरी), मुद्रा (कुल 52 करोड़ से अधिक खातों में 33.65 लाख करोड़ रुपये मंजूर किए गए, जिसमें 68 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं), पीएम-स्वनिधि (96 लाख से अधिक




ऋण खातों के माध्यम से 68 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को कवर किया गया), उद्यम (उद्यम सहायता पोर्टल की गणना करते हुए 6.86 करोड़ से अधिक एमएसएमई पंजीकरण), श्रम सुविधा (2018 से 6.63 लाख ईएसआईसी पंजीकरण, 6.49 लाख ईपीएफओ पंजीकरण और फर्मों द्वारा 1.29 लाख अनुबंध श्रमिक पंजीकरण के साथ श्रम और रोजगार पोर्टल का अनुपालन), स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एकीकृत आवासीय संपत्ति स्वामित्व समाधान जिसमें 9 3.20 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है), नक्शा (प्रारंभ में 150 शहरों में पायलट कार्यक्रम के साथ शहरी भूमि पार्सल का व्यापक, जीआईएस-एकीकृत डेटाबेस, जिसे पूरे भारत में 4,912 शहरी स्थानीय निकायों तक विस्तारित किया जाएगा), एसएएससीआई (केन्द्र से राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण) और औपचारिकीकरण भी लगातार बढ़ रहा है। इन सारी योजनाओं ने मिलकर भारत की मेहनत और लचीलापन दोनों को नई ताक़त दी है। इससे पहले शुरू की गई कई योजनाओं को मजबूती मिली है, स्मार्ट सिटी मिशन से लेकर हर घर जल, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई), पीएम किसान सम्मान निधि से लेकर आयुष्मान भारत योजना तक। इन योजनाओं का असर सिर्फ़ आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि नए निवेश को आगे बढ़ाने और सहारा देने में भी दिख रहा है। 2021 से अब तक जीएसटी संग्रह 1.9 गुना बढ़ा है (94 प्रतिशत की वृद्धि), कॉर्पोरेट टैक्स संग्रह 2.2 गुना बढ़ा है (116 प्रतिशत की वृद्धि), इनकम टैक्स वसूली 2.42 गुना बढ़ी है (143 प्रतिशत की वृद्धि), टैक्स देने वालों की संख्या 1.4 गुना (37 प्रतिशत वृद्धि) बढ़ी है, यानी लगभग 2.5 करोड़ नए करदाता जुड़े हैं। खास बात यह है कि निचले वर्ग के करदाता अब धीरे-धीरे ऊंचे स्तर पर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा, कंपनियों का मुनाफ़ा (बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं को छोड़कर) 2021 से अब तक 2.4 गुना यानी लगभग 136 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनियों के औपचारिककरण को और बढ़ावा देने के लिए, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत में 1.85 लाख से अधिक कंपनियाँ बनीं। वहीं, 2024-25 में शुरुआती आंकड़े लगभग 1.63 लाख कंपनियों के पंजीकरण को दिखाते हैं। इसके साथ ही, वर्तमान में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज(आरओसी) में लगभग 18.5 लाख सक्रिय कंपनियां दर्ज हैं। लेकिन भारत ने करीब 8.5 लाख निष्क्रिय/अप्रचालित कंपनियों को अपने रिकॉर्ड से हटा दिया है। इससे यह साफ होता है कि भारत बेनामी और फर्जी कंपनियों को प्रणाली से बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है। मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद को वित्तपोषण से रोकने (सीएफटी) के मोर्चे पर भारत के निरंतर प्रयासों की पिछले साल वैश्विक निगरानी संस्था ने सराहना की थी। नवाचार (इनोवेशन) के क्षेत्र में हाल के वर्षों में भारत ने गहरी छाप छोड़ी है। कॉपीराइट, पेटेंट, बौद्धिक संपदा और ट्रेडमार्क के मामले में भारत की वृद्धि दर अब विकसित देशों के बराबर खड़ी है। पश्चिमी देशों का दबदबा अब चीन की वजह से कमजोर हुआ है, क्योंकि चीन के पास महत्वपूर्ण तकनीक और दुर्लभ खनिजों में बढ़त है। ऐसे में हमें इस बेहद अहम क्षेत्र पर खास ध्यान देना होगा और शिक्षा जगत, संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग का एक गतिशील मॉडल आगे बढ़ाना होगा। 2014-15 से अब तक मुख्य बोर्ड पर 764 सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ, एफपीओ, ओएफएस आदि) और एसएमई प्लेटफॉर्म पर 1200 से ज़्यादा निर्गम (इस साल तक) हुए हैं। इसने यह साबित किया है कि पूंजी बाज़ार निवेशकों को आसानी से 'एग्जिट' (निवेश से बाहर निकलने) का रास्ता देने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। पूंजी के इस चक्रीय प्रवाह और उसके गुणक प्रभाव से यह सुनिश्चित होता है कि नई और छोटी कंपनियां भी अपने विकास के अलग-अलग चरणों में फंडिंग तक पहुँच बना सकें।

भारत को वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों (वर्तमान उभरते बाजारों के सूचकांकों से एक महत्वपूर्ण क्षण) में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है, जिसके लिए हमारे ऋण बाजार को नए सिरे से संतुलित करना जरूरी होगा, साथ ही, बहु-आयामी ढांचे (एनआईपी, एनएमपी, पीएम गति शक्ति) के लिए बड़े पैमाने पर फंडिंग की आवश्यकता होगी। इसलिए अब भारतीय निजी कंपनियों को वैश्विक सोच अपनानी होगी।दुनिया भर में ब्रांड इंडिया की मजबूत पहचान बनानी होगी और भारतीय प्रवासी समुदाय की बड़ी प्रतिभा को साथ जोड़कर तेज़ और साझी प्रगति की दिशा में बढ़ना होगा।

## विचार सरिता

# मीडिया समुद्र से : कभी-कभी प्रतिक्रिया देने से अच्छा तो चुप रह जाना है

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज सोशल मीडिया में कुछ विशेष पंक्तियाँ पढ़ने को मिलीं। किसी अनाम लेखक की ये पंक्तियाँ विचारणीय हैं:-

''हर व्यक्ति आपके द्वारा जवाब दिए जाने का अधिकारी नहीं होता। कभी-कभी आप कुछ नहीं कहते हैं और यह ज्यादा प्रभावशाली होता है।''

लोक व्यवहार में यह आवश्यक नहीं है कि हर बात पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की जाए। कभी-कभी मौन, कुछ बोलने से अधिक प्रभावपूर्ण प्रत्युत्तर होता है। वास्तव में जब कोई व्यक्ति अपनी भड़ास निकालने के उद्देश्य से कुछ कहता है, तो वह अपनी पूरी बात कह लेने के बाद ही चुप होना चाहता है। ऐसी स्थिति में आपके द्वारा व्यक्त की जाने वाली प्रतिक्रिया निरर्थक ही होगी। वह उसे स्वीकार ही नहीं करना चाहता है। ऐसा व्यक्ति वाणी के बदले मौन को अच्छी तरह समझेगा। उस समय नहीं तो बाद में सही, जब वह अपने द्वारा कही गई बातों का आत्म आकलन करेगा तो उसे अपनी त्रुटि की अनुभूति होगी।

यह कुछ इस तरह का मामला है कि क्रिकेट के खेल में बल्लेबाज किसी तेज गेंदबाज की स्टंप से बाहर जाती गेंद को बिना खेले ही छोड़ दे। अगर वह ऐसी गेंद से अनावश्यक छेड़छाड़ करेगा, तो उसके कैच आउट होने की आशंका रहेगी।

किसी व्यक्ति की अनर्गल बातों का उत्तर देने का एक मतलब यह भी है कि आप उसकी चर्चा में शामिल हो रहे हैं और इस तरह आप भी एक पक्षकार बन रहे हैं। यह एक तरह से उसके विचारों को बहस के योग्य मानने जैसा है।

जयशंकर प्रसाद जी ध्रुवस्वामिनी में लिखते हैं, ''प्रत्येक स्थान और समय बोलने के योग्य नहीं होते। कभी-कभी मौन रह जाना बुरी बात नहीं है।''

# कहीं आपका बच्चा बिगाड़ तो नहीं रहा?



माता-पिता का प्रयास होता है कि बच्चों की हर इच्छा पूरी कर दें। कभी उनके हित तो कभी किसी असमर्थता के कारण जब वे ऐसा करने में चूक जाते हैं तो महसूस करने लगते हैं खुद को दोषी। पैरेंटिंग कोच रितु सिंगल मानती हैं कि यह ऐसा जाल है, जिसमें पैरेंट्स जाने-अनजाने में फंस जाते हैं।

कोच ने बताया क मेरी दोस्त की बेटी ने इस साल कॉलेज में एडमिशन लिया, तो उसने पहली कार के लिए एक महंगी गाड़ी की जिद पकड़ ली। घर में रोज झगड़े होने लगे और इसका हल निकला माता-पिता के ऊपर ईएमआइ के बढ़े हुए बोझ के रूप में। एक बार मैं अपनी दोनों बेटियों और एक दोस्त के परिवार के साथ एक मेले में गई। झूले की एक टिकट सिर्फ 10 रुपये की थी, तो एक चक्कर लगाने के बाद बच्चे च्एक बार औरज् की रट लगाने लगे।

### हर इच्छा पूरी नहीं होती

मेरी दोस्त तुरंत पर्स निकालने लगी, लेकिन मैंने अपनी बेटियों से कहा, च्आज के लिए एक बार झूला काफी है। अब चलो हम आइसक्रीम खाते हैं।ज् यहां बात 10 रुपये की नहीं, बल्कि बच्चों को जिंदगी की हदों को समझाने को लेकर थी क्योंकि जिंदगी में हर बार हमारी हर इच्छा पूरी नहीं होती। उस दिन मेरी बेटियों ने समझा कि खुशी की भी एक सीमा होती है।

### बच्चों को वो दें, जो जरूरी हो

यह सबक उन्हें आज तक याद है। दरअसल आज माता-पिता सबसे अच्छा देने की कोशिश में सब कुछ देने की मजबूरी की गिरफ्त में आ चुके हैं। उन्हें डर रहता है कि अगर वो बच्चों की जिद पूरी नहीं करेंगे, तो शायद अच्छे माता-पिता नहीं कहलाएंगे। जबकि सही तरीका ये है कि बच्चों को वह दो, जिसकी उन्हें सच में जरूरत है, न कि वह जिससे हमारा गिल्ट कम हो।

### कीमती सबक है मनाही

बच्चों की किसी जिद पर आपकी असहमति बच्चों को असल दुनिया के लिए तैयार करती है। आपके द्वारा 'ना' कहने से बच्चों को निराशा का सामना करना आता है, जिससे वे भविष्य में आने वाली मुश्किलों के लिए तैयार हो पाते हैं। जब बच्चों को हर चीज बस पलक झपकते ही या बिना किसी मांग के ही मिलने लगती है, तो वे उन चीजों की कीमत समझना भूल जाते हैं, जो उनके पास पहले से हैं या जो मिल रहा है।

### बच्चों को दिखाएं सही रास्ता

कई बार बच्चों को मना करने या उन्हें अपनी इच्छाओं पर काबू पाने का आपका यह तरीका आप में ही पश्चाताप की अग्नि प्रज्ज्वलित कर सकता है, मगर आपको समझना होगा कि यह मनाही बच्चे के लिए कीमती सबक के समान है। हमें बच्चों की इच्छाएं पूरी करनी चाहिए, लेकिन समझदार माता-पिता वही हैं जो बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं, न कि उनकी हर जिद को पूरा करके भविष्य की नींव कमजोर करते जाते हैं।

## लघुकथा - भिन्नता

मनोविज्ञान के सेवानिवृत्त प्रोफेसर शिखर कोल जी ड्राइंगरुम में सोफे पर बैठकर एक राष्ट्रीय दैनिक अखबार में प्रकाशित खबरों की जानकारी ले रहे थे। प्रथम पृष्ठ में देश की दूषित राजनीतिक प्रणाली पर आधारित खबरों को पढ़ते हुए उनकी नजर कुछ ऐसे शीर्षकों पर पड़ी कि वे हतप्रभ रह गये। वे पढ़ते जा रहे थे कि एक सड़क के किनारे चिंदी में लिपटी एक नवजात बच्ची की लाश मिली। तेरह वर्षीय बालिका का सामूहिक बलात्कार किया गया। अखबार के पन्ने उलटना उन्होंने जारी रखा। बीस वर्षीय विवाहिता को एक लोभी पति ने दहेज के लिए जिंदा जलाकर हैवानियत का परिचय दिया; जैसी खबरें उन्हें पड़ने को मिली।

प्रोफेसर कोल जी को अखबार के अंतिम पृष्ठ में पड़ने को मिला कि एक युवक ने अपनी माँ की उम्र की औरत को अपने हवस कि शिकार बनाया। एक बेटे ने सिर्फ एक एकड़ जमीन के लिए अपनी माँ और इकलौती बहन की टंगिया मारकर हत्या कर दी। उनकी नजरें अखबार की बारीक अक्षरों पर पड़ी ही थी कि उन्हें जयघोष का स्वर सुनाई दिया। अखबार को पकड़े हुए खिड़की से झाँककर देखा। बच्चे, जवान और बूढ़े सभी जयनाद कर रहे थे-'दुर्गा मैया की जय, काली माई की जय, माँ बम्लेश्वरी की जय।' रंग और गुलाल से वातावरण रंगीन हो रहा था। प्रतिमा-विसर्जन की यह छवि देखकर प्रोफेसर कोल जी उलझन में पड़ गये। उन्हें अखबार की पंक्तियाँ रह-रहकर याद आने लगी। तीस वर्ष तक मनोविज्ञान के प्रोफेसर रहे शिखर कोल जी औरत के विभिन्न रूपों के प्रति लोगों के व्यवहार की भिन्नता को समझ नहीं पा रहे थे।



– टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

## कविता

### आगे हे नवराती

हरियर-हरियर खेत-खार हे
हरियर-हरियर दिखय रुखराई
लहर-लहर लहरावत हावय
डोली के अनपूर्णा धानी दाई।।
मेड़-पार हर झमा-झम लागे
दूध मोंगरा पिंवर फुल ह भाए
तील राहेर, अउ हिंरवा दमके
जईसे फुलवारी म मेड़ सजाए।।
फूलगे काशी फुलगे चिरईंयां
चंदैनी गोंदा फूल ह झमझमाए
लाली-गुलाली दमकत हावय
दूध मोगरा ह गली ल गमकाए।।
सुरूर-सुरूर चलय पुरवाई
चिरईंयां सुग्घर हे, तान सुनाए
कारी-कोयलिया, मैना-पपीहा
मया-प्रीत के हे कुहुकी लगाए।।
आगे दसेला आगे हे नवराती
दुर्गा दाई के परब हर अब आए
अनपूर्णा दाई लक्ष्मी हर जागे
दुर्गा दाई के नवरूप मन भाए।।



– अशोक पटेल 'आशु'
तुस्मा, शिवरीनारायण (छ.ग.)

## कविता


### //आराधना//

नमामि मातु शारदा नमामि मातु कालिका।
नमामि मातु अंबिका नमामि मातु राधिका।।
फबे किरीट माथ मातु केश वेणियाँ सजे।
सदैव कंठ रत्न हार हस्त चूड़ीयाँ बजे।।
कपाल बिंदु चंद्रमा प्रभा बिखेरती सदा।
करे निनाद पैंजनी चले प्रसन्न मोक्षदा।।
गदा त्रिशूल शंख चक्र शस्त्र हस्त में धरे।
करे प्रचंड अट्टहास काल देख के डरे।।
कराल रूप चंडिका विनाश शत्रु का करे।
चले कटार शीश दैत्य मार पाप को हरे।।
रमा सती सरस्वती धरे स्वरूप भारती।
दयामयी सिया उमा अनंत रूप धारती।।
सवार सिंह में सदैव अंबिका विहारती।
उतारते सुजान भक्त संत नार आरती।।
सुने पुकार हो प्रसन्न भाग्य को सँवारती।
हरे प्रमाद माँ समस्त शोक से उबारती।।
कृपा करो सदैव मातु कष्ट का निदान हो।
अबोध को करो क्षमा तुम्हीं दयानिधान हो।।




प्रिया देवांगन 'प्रियू'
राजिम
जिला-गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## राशिफल



**मेष**

भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सगे-संबंधियों के बीच प्रगाढ़ता बढ़ेगी। निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ख्याल रखें।



**वृष राशि**

विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। महत्वपूर्ण कार्यों की पूर्ति में आलस्य न करें। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसा होगा।




**मिथुन**

अच्छे कार्यों द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों को ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा। संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रोजगार में लाभकारी स्थिति प्रसा रखेगी।



**कर्क**

अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। अच्छी आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी।




**सिंह**

नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आवेश में लिये गये निर्णय से कष्ट संभव। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।




**कन्या**

किसी नये कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बढ़ेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।




**तुला**

पारिवारिक चिंताओं से मन परेशान होगा। घरेलू कार्यों में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसाता लाऐगी। महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।




**वृश्चिक**

पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। रोजगार क्षेत्र में परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा।




**धनु**

उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। मन अच्छी कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। निर्थक दूसरों की आलोचना न करें। कुछ नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी।




**मकर**

अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सािध्य प्राप्त होगा। गुप्त विरोधियों से सतर्क रहें। विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



**कुंभ**

भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को कल पर न टालें। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। मन में नकारात्मक विचार न आने दें।



**मीन**

भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को कल पर न टालें। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। मन में नकारात्मक विचार न आने दें।

# जीएसटी में की गई कटौती से जनसाधारण को होगा लाभ- गजेंद्र यादव



**0 आत्मनिर्भर भारत व जीएसटी 2.0 पर आधारित कार्यशाला में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव**
**0 छुईखदान के बुनकरों की सराहना, स्कूलों के लिए घोषणाएं**

खैरागढ़ (दावा)। सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 'आत्मनिर्भर भारत व जीएसटी 2.0' पर आधारित कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन खैरागढ़ (पिपरिया) स्थित जिला भाजपा कार्यालय में किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राज्य के कैबिनेट व शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू ने मंत्री गजेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी उपस्थिति से यह कार्यशाला विशेष बन गई है।

### मंत्री गजेंद्र यादव का खैरागढ़ दौरा रहा ऐतिहासिक

गजेंद्र यादव केबीनेट मंत्री मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि केसीजी जिला में यह उनका पहला आगमन है और यह उनका सौभाग्य है कि वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर यहां उपस्थित हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कारगिल युद्ध, ऑपरेशन सिंदूर और कोरोना काल की वैक्सीन नीति जैसे उदाहरणों से देश की आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डाला। मंत्री यादव ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ के किसान ड्रोन तकनीक का उपयोग कर खेतो में दवाई का छिड़काव कर रहे हैं। सैन्य क्षेत्र में लेजर तकनीक से भारत ने पूरी दुनिया में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाने के आह्वान और स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यही आत्मनिर्भर भारत की पहचान है।

उन्होंने जीएसटी में की गई कटौती को जनसाधारण के लिए राहतदायक बताया और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की छुईखदान बुनकर सोसायटी द्वारा निर्मित वस्त्रों की सराहना करते हुए उन्हें अपनाने की अपील की। अपने संबोधन के दौरान मंत्री ने खैरागढ़ क्षेत्र के सभी हाईस्कूलों में डोम शेड निर्माण एवं साल्हेवारा क्षेत्र के मरम्मत योग्य सभी प्राथमिक स्कूलों की मरम्मत कराने की घोषणा भी की।

### जिले के विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है- विक्रांत सिंह

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में केसीजी जिले में लगातार कैबिनेट मंत्रियों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि जिले के विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि केसीजी नया जिला है, इसलिए यहां आधारभूत संरचना और पर्यटन क्षेत्र में विशेष कार्य किए जाने की आवश्यकता है।

कार्यशाला का सफल संचालन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष घम्मन साहू ने किया। पं. दिनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने जानकारी दी कि बुधवार 17 सितंबर से गुरुवार 2 अक्टूबर तक चल रहे 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन को प्रेरणादायक बताते हुए उन्हें 'एकात्म मानववाद' का प्रणेता कहा और इस कार्यक्रम को संगठनात्मक रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन, महामंत्री शशांक ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, टीके चंदेल, अनिल अग्रवाल, गिरजा चंद्राकर, ललित चोपड़ा, खम्हन ताम्रकार, राजेश मेहता, अनिल अग्रवाल, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, जंत्री साहू, वंदना तांडेकर, कृष्णा वर्मा, विकेश गुप्ता, डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी, जीवन देवांगन, डोरेलाल साहू, देवकुमार सेन, हरप्रसाद वर्मा, मुकेश वर्मा, अवध वर्मा, चंदू वर्मा, श्यामसुंदर साहू, आनंद सिन्हा, आनंद पटेल, राकेश ठाकुर जयप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नवनीत जैन ने किया।

# कृषि ही सबसे बडी राष्ट्र सेवा- सचिन बघेल

**कृषक सम्मान समारोह में संकल्प सेवा की दिलाई शपथ**



डोंगरगांव (दावा)। कृषि कार्य ही राष्ट्र की सबसे बड़ी सेवा है और कृषकों से बड़ा सेवाभावी दुनिया में कोई नहीं है। यह उद्गार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल क्षेत्र के ग्राम कुमरदा और खुर्सीटिकुल में सेवा स्वच्छता पखवाड़ा एवं शपथ ग्रहण तथा किसान सम्मान समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम में श्री बघेल आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुमर्दा और सेवा सहकारी समिति खुर्सीटिकुल में किसानों को सम्मानित कर नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

श्री बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र के विकास में किसानों की सबसे बड़ी भूमिका है और कृषकों को सम्मानित कर हम सभी गौरवान्वित हो रहे है। उन्होंने उपस्थित कृषकों, अतिथियों एवं पदाधिकारियों को स्वच्छता ही सेवा के महत्व को बताया और सभी संकल्पित होकर जीवन में अपनाने का आग्रह किया। बता दे कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुमर्दा में रामाधार चंद्रवंशी और सेवा सहकारी समिति खुर्सीटिकुल में गोविंद साहू को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिन्हें श्री बघेल की उपस्थिति में पदभार ग्रहण कराया गया।

### वरिष्ठ कृषकों को किया सम्मानित

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुमर्दा और सेवा सहकारी समिति खुर्सीटिकुल में आयोजित कृषक सम्मान समारोह में समितियों के अंतर्गत आने वाले वरिष्ठ एवं प्रगतिशील किसानों को उनके योगदान को देखते हुए श्री बघेल व अन्य अतिथियों ने शाल, श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र कुमार साहू ने की। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट स्थापित अतिथि जिला पंचायत के सभापति गोपाल भूआर्य वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शर्मा, हृदयराम देवांगन, लक्ष्मीबाई मंडावी, बोधन साहू, शाखा प्रबंधक प्रशांत बाजपेई, समिति प्रबंधक मानक साहू, संतोष साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदर साहू, गोपाल साहू, दीनदयाल साहू, नूनकरण भूआर्य, पतिराम साहू, कोमल सिंह, कांतिलाल साहू, छविलदास साहू तथा बड़ी संख्या में कृषकगण एवं सेवा सहकारी समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

# एक दिन, एक घंटा, एक साथ : खैरागढ़ में सफल रहा स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025



खैरागढ़ (दावा)। स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के तहत गुरुवार को जिलेभर में एक दिन, एक घंटा, एक साथ थीम पर बड़े पैमाने पर सामूहिक श्रमदान का सफल आयोजन किया गया। सुबह 8 बजे से शुरू हुए इस महाअभियान में आम नागरिकों से लेकर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सफाई मित्रों और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर सक्रिय भागीदारी निभाई।

### 114 ग्राम पंचायतों में चला सफाई अभियान

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश पर यह अभियान जिले की सभी 114 ग्राम पंचायतों में एक साथ संचालित हुआ। श्रमदान के दौरान गांवों के अमृत सरोवर तालाब, सामुदायिक तालाब, मंदिर परिसर, सडक़ों और गंदगी वाले स्थानों की सघन साफ-सफाई की गई। स्वच्छता का संदेश देने के लिए स्वच्छ किए गए तालाबों में दीपक भी जलाए गए। अभियान के तहत गांवों और सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक श्रमदान, नागरिकों व स्वयंसेवकों द्वारा क्लॉगिंग ड्राइव और सामुदायिक शौचालय तथा एसएलआरएम केंद्रों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए।

### शपथ, रैली और सम्मान

स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए स्वच्छता शपथ, रैली, प्रभात फेरी और मानव श्रृंखला का भी आयोजन किया गया। इस दौरान जिले की स्वच्छता की रीढ़ माने जाने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। डिजिटल माध्यमों और बैनर-स्टैंडी का उपयोग कर स्वच्छता का संदेश कोने-कोने तक पहुंचाया गया। अभियान के दौरान सरपंच, उपसरपंच, पंच, महिला समूह की सदस्याएं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिन्होंने जिले को स्वच्छ बनाने के लिए अपना श्रमदान दिया।

# शिविर में दिव्यांगजनों को मिले आवश्यक यंत्र, हितग्राही हुए लाभान्वित



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव के द्वारा नगर के सांस्कृतिक भवन में शुक्रवार को दिव्यांगजन प्रमाणीकरण सेवा विस्तार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के दिव्यांगजनों को आवश्यक का महत्वपूर्ण यंत्र प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक वैशाली मरडवार ने बताया कि शिविर में 104 दिव्यांग जनों का पंजीयन किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों को बैसाखी, व्हीलचेयर, छड़ी व श्रवण यंत्र आदि प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सहायता पहुंचा कर उनकी काफी मदद की जा सकती है, जिसके लिए विभाग तत्पर है। 27 सितंबर को छुरिया में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन है यदि वे डोंगरगांव शिविर में छूट गए हो तो वे छुरिया पहुंचकर लाभ ले सकते है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल सहित जनपद सदस्य व जनप्रतिनिधिगण व कर्मचारियों में लेखापाल बालकृष्ण बघेल समाज कल्याण विभाग, जनपद पंचायत डोंगरगांव से आरके ठाकुर प्रभारी पंचायत समाज शिक्षक संगठक डोंगरगांव, ओमप्रकाश जैन सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शराब पीकर वाहन चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई



खैरागढ़ (दावा)। वाहन चेकिंग के दौरान शराब पिकर वाहन चलाते पाए गए चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। वाहन क्रमांक एचआर-26-सीएल-4501 का चालक राकेश साहू पिता श्यामलाल साहू, उम्र 36 वर्ष, निवासी गौरीनगर, वार्ड क्रमांक-13, शेरसिंह गली (ओ.पी. चिखली), जिला राजनांदगांव को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा चालक को 10,000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया और वाहन चालक का लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु पृथक प्रतिवेदन परिवहन कार्यालय को प्रेषित किया जा रहा है।

# सत्ता के नशे में चूर महिला जनप्रतिनिधि अनुसूचित जाति-जनजाति की महिलाओं को कर रही प्रताड़ित - जसवंत गावड़े

**मामला - जिपं उपाध्यक्ष व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष किरण साहू द्वारा जातिगत दुर्व्यवहार करने का**

डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में से सत्ताधारी दल के अनेक निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा किए जा रहे कृत्य से भाजपा संगठन को आदिवासी समाज के साथ-साथ अब अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिकगणों की नाराजगी का सामना भी करना पड़ सकता है। कुछ दिन पूर्व घटित एक अनसुलझे प्रकरण में भाजपा से निष्कासित सरपंच संघ के अध्यक्ष पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। सर्व आदिवासी समाज की ओर से समय सीमा तय कर की गई शिकायत पर संज्ञान लेकर जिला प्रशासन की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम द्वारा ग्राम पंचायत बोरतलाव पहुंचकर प्रकरण से जुड़े ग्रामीणों का बयान दर्ज कराया गया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बोरतलाव के सरपंच कैलाश उके के भाजपा से निष्कासित होते ही अब पीड़ित ग्रामीणों ने खुलकर अपनी पीड़ा प्रशासन के समक्ष व्यक्त की है। हाल ही में घटित एक अन्य घटनाक्रम में सत्ताधारी दल की एक अन्य जनप्रतिनिधि जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को प्रताड़ित कर जातिगत भेदभाव करने का ताजा मामला प्रकाश में आया है। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत चौथना की सरपंच द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिला प्रशासन, अनुसूचित जन जाति थाना के साथ-साथ सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावडे से की गई है। घटनाक्रम से अनुसूचित जाति और जनजाति के सामाजिक गणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति की महिलाओं के साथ की गई ज्यादतियों की शिकायत प्राप्त होते ही, जिला प्रशासन की ओर से एलआईबी की टीम को वस्तुस्थिति से अवगत होने के लिए ग्राम पंचायत चौथना भेजा गया था। ताकि वास्तविक स्थिति से प्रशासन अवगत हो सके। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत की महिला सरपंच, महिला सचिव, उपसरपंच, पंचगण के अलावा अनेक ग्रामीणों ने खुलकर अपनी पीड़ा का इजहार किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर प्रताड़ित कर जातिगत भेदभाव करने का आरोप लगाने वाली ग्राम पंचायत चौथना की महिला सरपंच ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व जिला प्रशासन के समक्ष श्रीमती किरण साहू की शिकायत करने के पश्चात इस मामले को सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावडे के समक्ष रखा है। पीड़ित सरपंच द्वारा समाज प्रमुख से न्याय की गुहार लगाते हुए श्रीमती किरण साहू के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावड़े ने चर्चा के दौरान कहा है कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा की महिला जनप्रतिनिधि द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति की महिलाओं के साथ किए गए आपत्तिजनक दुर्व्यवहार से आदिवासी समाज आहत हुआ है। पुलिस प्रशासन और भाजपा संगठन इस पर त्वरित कार्रवाई नहीं करता तो सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले बैठक कर उचित निर्णय लेकर प्रार्थी को न्याय दिलाने के दिशा में उचित पहल की जाएगी।

# डोंगरगांव के सबसे बड़े मंडल का नेतृत्व अब हेमंत साहू के हाथों में




**शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ परीक्षेत्र साहू समाज तुमड़ीबोड़ का चुनाव**

डोंगरगांव (दावा)। हाल ही में परिक्षेत्र साहू समाज तुमड़ीबोड़ का चुनाव बड़े ही शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समाज के सभी पांच प्रमुख पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर खैरीगांव के हेमंत साहू निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर पुरुष वर्ग से गरीबा दास साहू (आरगांव) तथा महिला वर्ग से श्रीमती राधिका साहू को चुना गया। इसी प्रकार संगठन सचिव पद पर पुरुष वर्ग से ओमप्रकाश साहू (पेटेश्री) तथा महिला संगठन सचिव पद पर श्रीमती प्रीति साहू (तुमड़ीबोड़) निर्वाचित हुई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हेमंत साहू ने संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से भगवान दास साहू (बोदेला) को कोषाध्यक्ष और गोपाल साहू को सचिव पद पर मनोनीत किया। डोगरगांव तहसील का यह मंडल सबसे बड़ा माना जाता है। जिसमें कुल 18 गांव शामिल हैं। समाज के व्यापक हितों और संगठन को मजबूत बनाने में यह मंडल हमेशा सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने के लिए जिला साहू समाज के सचिव नीलमणि साहू, उपाध्यक्ष मदन साहू, तहसील डोगरगांव के संरक्षक अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, चुन्नूराम साहू, हेम सिंह साहू, भुवाल साहू, इंद्रसेन साहू तथा माधव साहू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। चुनाव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में पर्यवेक्षक के रूप में दऊवाराम साहू और गणेशराम साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं चुनाव अधिकारी के रूप में कृष्ण कुमार साहू और परमानंद साहू ने पूरी निष्पक्षता के साथ दायित्व निभाया। पूरे चुनाव प्रक्रिया के दौरान समाज के सभी सदस्यों ने आपसी एकता और भाईचारे का परिचय दिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान और युवाओं को संगठित करने की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# लाल जे.के. वैष्णव बने अभा पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय सचिव, राजस्थान और गुजरात का मिला प्रभार

**मंदिर सेवा और परम्परा से जुड़े कार्यों में सक्रियता का मिला फल**



छुईखदान (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी एवं कार्यकारिणी समिति की सहमति से लाल जे.के. वैष्णव को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। वैष्णव परम्परा एवं मंदिर सेवा से जुड़े लाल जे.के. वैष्णव (छोटे राजा बाड़ा छुईखदान) को संघ के राष्ट्रीय सचिव के साथ ही राजस्थान एवं गुजरात के प्रभारी का भी दायित्व सौंपा गया है। लाल जे.के. वैष्णव वर्तमान में संरक्षक रानी मंदिर, रियासतकालीन राममंदिर, जमात जगन्नाथ मंदिर, बाईसाहब राधाकृष्ण मंदिर में वर्षो से धर्म, परम्परा और मंदिर सेवा के कार्यों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर भी सामाजिक संगठन को सक्रिय रखे हुए हैं। वर्तमान में वे सेवासंघ मुंबई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं।

### संत समाज ने दी बधाई

उनकी इस नियुक्ति पर समस्त संत समाज और सामाजिक बंधुओं ने हर्ष व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में महंत सुरेन्द्र दास (राम जानकी मंदिर निर्वाणी अखाड़ा), महंत हेमंत दास (डोंगरगढ़ बजरंगबली मंदिर), चंदन दास, डोमन दास महराज (हनुमान मंदिर), डॉ. सौरभ निर्वाणी (प्रदेश संयोजक), किल्ला मंदिर के पुरोहित दिलीप दास, पांडादाह बड़े जमात मंदिर पुजारी रिंकू दास सहित मध्यप्रदेश (बालाघाट लांजी) के पुजारी लक्ष्मीनारायण दास, मनीष दास, हलधर दास भी शामिल हैं। सामाजिक बंधुओं में एल.डी. निर्मोही, राकेश दास वैष्णव, संजय वैष्णव, अनुप दास वैष्णव, शिव वैष्णव, कृष्ण कुमार वैष्णव, मनोज निर्वाणी, बाबा वैष्णव आदि ने भी शुभकामनाएं दी हैं। संत समाज का मानना है कि लाल जे.के. वैष्णव की नियुक्ति से पुजारी पुरोहित संगठन को नई दिशा, गति और शक्ति प्राप्त होगी तथा राजस्थान-गुजरात सहित सम्पूर्ण भारत में मंदिर के पुजारी-पुरोहितों की आवाज और अधिक सशक्त होगी। उक्त जानकारी वैभव निर्वाणी, बाला बाबा मंदिर ने दी।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती का जन्मदिन गोलबाजार व्यापारी संघ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया



**कृषि मंडी में धान खरीदी पुनः शुरू करने की मांग को रामजी भारती ने दिया समर्थन, मिलेगा रिटर्न गिफ्ट**

डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती का जन्मदिन शुक्रवार को गोलबाजार व्यापारी संघ और स्थानीय भाजपा नेताओं की उपस्थिति में सादगी एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिन समारोह में शहर के वरिष्ठ व्यापारी, समाजसेवी और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। व्यापारी संघ की ओर से जन्मदिन कार्यक्रम को भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी के प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया।

इस दौरान गोलबाजार में 100 वर्षों से अधिक पुराने प्रतिष्ठान के संचालक, वरिष्ठ व्यापारी राजेन्द्र जैन 'राजू' ने उपस्थित जनों के समक्ष एक महत्वपूर्ण विषय रखा। उन्होंने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा और मंडल अध्यक्ष जसमीत बंनोआना के समक्ष आग्रह किया कि डोंगरगढ़ की कृषि मंडी में पूर्व की व्यवस्था अनुसार धान खरीदी पुनः शुरू की जाए। श्री राजू ने कहा कि यह पहल केवल व्यापारियों के हित में नहीं, बल्कि किसानों और शहरवासियों के लिए भी लाभकारी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उचित समय पर उचित कदम उठाने से स्थानीय बाजारों में तेजी आएगी और किसानों की आय बढ़ेगी। उनके सुझाव को सभी उपस्थित जनों और नेताओं द्वारा सराहा गया।

### शहरवासियों के सुझाव के अनुसार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाएगा - रामजी भारती

व्यापारी संघ द्वारा आयोजित किए गए जन्मदिन समारोह में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए श्री भारती ने अपने जन्मदिन को विशेष बताते हुए कहा कि वे शहरवासियों के प्रति 'रिटर्न गिफ्ट' स्वरूप जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से सहयोग और सुझाव मांगे और यह आश्वासन दिया कि विकास और जनहित के मुद्दों को मिलकर आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी अनिल जैन, सुभाष रवि अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, काजू अग्रवाल, महेश सेन, अंशुलराज जैन, अभिषेक जैन, सत्यम स्वामी, नागेश कंडरा, राजेश कंडरा, विकास सहारे, गिन्नी भाटिया सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी अतिथियों ने श्री रामजी भारती को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ, दीर्घ एवं सक्रिय सार्वजनिक जीवन की मंगलकामनाएं कीं। कार्यक्रम का समापन सामाजिक सौहार्द्र और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ।

# लोक कल्याण मेला में पीएम सम्मन निधि योजना के अंतर्गत मिले 46 आवेदन



डोंगरगांव (दावा)। लोक कल्याण मेला पखवाड़े के अंतर्गत रेहडी पटरी वालों को पीएम सम्मन निधि योजना के अंतर्गत ऋण प्रदान करने हेतु 25 सितंबर को नगर पंचायत डोंगरगांव के सभाग्रि में आवेदन आमंत्रित किए गए। योजना के अंतर्गत 15 हजार तक का सिक्योरिटी फ्री लोन, नियमित भुगतान पर 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी, डिजिटल लेनदेन पर साल में 1200 रुपये तक का कैश बैक, समय से भुगतान पर 25 हजार और फिर 50 हजार तक का लोन तथा 30 हजार तक की लिमिट वालों को रुपए क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्राप्त होती है। आयोजन के संबंध में सीएमओ विनम्र जेमा ने बताया कि लोक कल्याण मेला में कुल 46 आवेदन जिसमे 24 महिला व 22 पुरुष वर्ग के आवेदन प्राप्त हुए हैं। साथ ही बताया कि 15 हजार की पहली किस्त लिए 31 आवेदन, 25 हजार की दूसरी किस्त लिए 11 तथा तीसरी 50 हजार रुपये के किस्त लिए 4 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पार्षदगण सहित हितग्राही उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया भुजभुजी मंदिर का निरीक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश



खैरागढ़ (दावा)। प्राचिन एवं प्रसिद्ध आस्था स्थल मड़वाभाटा स्थित भुजभुजी मंदिर का जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने निरीक्षण किया। खैरागढ़ छुईखदान-गंडई जिले के विकासखंड छुईखदान के ग्राम पंचायत देवरचा के आश्रित ग्राम मड़वाभाटा स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध आस्था स्थल भुजभुजी मंदिर का कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ करने पर बल दिया उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों और मेलों को देखते हुए यातायात, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ दुरुस्त किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर पर स्थित प्राकृतिक कुंड जिसमें हमेशा पानी भरा हुआ रहता है,जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक और आस्था का प्रमुख केंद्र भुजभुजी मंदिर परिसर में स्थित प्राकृतिक कुंड वर्षभर जल से भरा रहता है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण और आस्था का प्रमुख केंद्र है।। पंचायत निधि से कुंड के चारों ओर सुरक्षा घेरा एवं सीढ़ियाँ निर्मित की गई हैं।। प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा पर यहाँ भव्य मेला आयोजित होता है, जिसमें आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं। मंदिर विकास को लेकर ग्रामीणों से सुझाव भी आमंत्रित किए

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंद्रवाल ने मैदान समतलीकरण, अतिरिक्त विद्युत पोल की स्थापना, प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने, ज्योति कलश हेतु कक्ष निर्माण और पहुँच मार्ग के सुधार जैसे कार्यों को तत्काल प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से मंदिर विकास को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किए।

### कलेक्टर ने कहा,श्रध्दालुओ की आस्था का प्रमुख केंद्र है भुजभुजी मंदिर

''भुजभुजी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहाँ हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं, इसलिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।' निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, जनपद पंचायत सीईओ रवि कुमार, मनरेगा परियोजना अधिकारी सिद्धार्थ, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम श्री स्कूल कोपेडीह में अव्यवस्था घोर लापरवाही

## स्कूली बच्चे के पैर हुआ चोटिल



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम कोपेडीह (दवादा-अंजोरा) में पीएम श्री स्कूल में अस्वच्छता और असुविधा चरम सीमा पार कर चुका है प्रशासन आंख बंद कर शासकीय संस्था को तिलांजलि देने पर अड़ा है ताजा मामला ग्राम कोपेडीह पंचायत के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री स्कूल का है जहां शौचालय और मूत्रालय जाने के रास्ते पर गड्ढा खोदकर 6 माह से छोड़ दिया गया है जिसमें आज एक बच्चे के पैर में गंभीर चोट लगी है जिसमें 7 टांके लगे हैं इनसे पहले भी बहुत से बच्चे इस गड्ढे में गिरकर चोटग्रस्त हो गए है। जानकारी अनुसार शाला परिसर में अर्धनिर्मित बिल्डिंग है जो बच्चों के लिए मूत्रालय बना हुआ है जिसमें गंदगी हो गई बड़े बड़े घास उग आए हैं बारिश के मौसम में जीव जन्तु के काटने का खतरा बढ़ जाता है जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है जिस पर स्थानीय प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं शिक्षकों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

# महामाया मंदिर में लोकमंच 'सुरता' का चित्ताकर्षक आयोजन सम्पन्न



## देवियों और लोक कलाओं का गढ़ छत्तीसगढ़-विजय मिश्रा

रायपुर (दावा)। क्वांर नवरात्रि के उल्लास में डुबे जनमन के मनोरंजन हेतु समूचे छत्तीसगढ़ में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम है। ऐसे दौर में राजधानी रायपुर के प्राचीन देवी मंदिर महामाया के प्रांगण में लोकमंच सुरता का चित्ताकर्षक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महामाया ट्रस्ट के प्रमुख विद्वान पंडित व्यास नारायण तिवारी ने सुरता के कलाकारों को सम्मानित किया। सुरता मंच के उद्घोषक वरिष्ठ लोक रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' ने बताया कि देवियों सहित लोक कलाओं का भी गढ़ छत्तीसगढ़ है। यहां देवी की आराधना में जस गीत के साथ ही साथ गौरा गौरी, भोजली, पंथी, ददरिया सुवा, रीलो, रहस आदि लोकनृत्यों एवं गम्मत प्रस्तुति की परंपरा है। लोक एवं शास्त्रीय नृत्यों में निपुण नरेंद्र जलछत्रिय सुरता लोकमंच के संचालक हैं। सुरता लोकमंच के गायकों में प्रगति पटवा, विकास श्रीवास्तव अजुँन मानिकपुरी एवं वादक दल में सुनील साहू, मनीष, लोकेश सेन, कीर्तन, राकेश सेन, कीर्तन अपनी कला के बूते दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने में सफल रहे। सूरता मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोककलाओं की मनमोहक प्रस्तुति महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं विविध राष्ट्रीय महोत्सव में की गई है।

# राष्ट्रपति के कार्यक्रम में आयोजक के रूप में शामिल हुए अंकुश



भिलाई (दावा)। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा प्रदत्त ललित कला अकादमी के सम्मान समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रख्यात मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने सहभागिता निभाई। नई दिल्ली के अंबेडकर इंटरनेशनल सेन्टर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस एतिहासिक आयोजन में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से पढ़े हुए चार कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

भारतीय कलाजगत के लिए अति प्रतिष्ठित इस सम्मान समारोह में अंकुश देवांगन द्वारा आयोजनकर्ता के रूप में शामिल होने पर छत्तीसगढ़ के जाने-माने चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी, बी.एल.सोनी, आचार्य महेश चंद्र शर्मा, विजय शर्मा, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, राहुल दत्ता, प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन, गुंजन शर्मा, प्रभुचरण जेना, साहित्यकार मेनका वर्मा एवं कला साहित्य समूह से शक्तिपद चक्रवर्ती ने उन्हें बधाई दी है।

# नवरात्रि पर्व शक्ति की भक्ति में डूबे ग्रामीणजन, आस्था लगातार जारी



राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे हुए ग्राम सुंदरा में नवरात्र दुर्गा पूजा के प्रति आस्था अपार है। यहां की गलिया और घर-घर की आंगन नवरात्री में जगमगाता है। भक्त दिवाली के जैसे नवरात्री को मनाते है।

सुंदरा की सार्वजानिक दुर्गा उत्सव समिति लगातार एक संस्था के रूप मे 50 वर्ष पूर्ण कर 51वर्ष में प्रवेश कर चुका है। माता के सेवा का यह दूसरा पीढ़ी है और तीसरी पीढ़ी माता सेवा में प्रवेश करने वाला है, सार्वजानिक दुर्गा उत्सव समिति का नीव, स्व.शत्रुघ्न साहू, स्व.रामावतार साहू, स्व. सतानंद, स्व.दयाराम साहू, सदाराम साहू, केदार साहू, अशोक साहू, सुरेंद्र साहू ने रखा था। इसके बाद से आज तक यह समिति चले आ रहा है। कई सदस्य नये बने कई छुट गए फिर भी माँ के प्रति आस्था सेवा लगातार बना हुवा है। समिति संस्था को चलाने में कई कठिनाई परेशानियां भी आती है आर्थिक समस्याएं भी आती है, परन्तु माता रानी की कृपा हमेशा सब पर बनी रहती है। जिससे किसी भी प्रकार के परेशानी समस्या आसानी से टल जाता है। अ

ाज के समय मे सब कुछ बदल गया है, पर सनातन और मातारानी के प्रति आस्था तनिक भी कम नहीं होता। यहां हर शनिवार मांगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है। साथ मे आरती होता है। पुरे नवरात्री भर अलग अलग प्रकार के माता को प्रसादी भोग करके भक्तो मे वितरण किया जाता है और आज के स्थिति मे यह समिति समिति न होकर एक परिवार जैसे है। यहां गांव वाले वरिष्ठजनो के साथ साथ माताए एवं बहने भी माता के सेवा मे लगातार समय देते है। माता रानी की कृपा इसी प्रकार हम सब पे बनी रहे यही मनोकामना है।

# परिक्षेत्र साहू समाज कलडबरी के अध्यक्ष युगलकिशोर साहू बने



राजनांदगांव (दावा)। तहसील साहू संघ कुमरदा के अंतर्गत कलडबरी परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव आज संपन्न हुआ। जिसमें मिलाप दास साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा, डुमेश्वर साहू निर्वाचन अधिकारी देवानन्द साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र कुमरदा, चंद्रभान साहू सचिव परिक्षेत्र बादराटोला की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ अध्यक्ष पद के चुनाव में पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल साहू को 37 मत एवं युगल किशोर साहू को 61 मत प्राप्त हुए 24 मतों से युगलकिशोर साहू गोड़लवाहीको विजयी घोषित किया गया उपाध्यक्ष में मुकेश साहू महरुम एवं महिला उपाध्यक्ष दीपशिखा पति अभिषेक साहू कलडबरी निर्वरोध निर्वाचित हुए।

# पीएम प्रणाम किसान संगोष्ठी में कृषकों को जैविक खेती के लिए किया गया प्रोत्साहित




## रासायनिक उर्वरकों का उपयोग घटाने और भूमि स्वास्थ्य की रक्षा पर जोर

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विभाग, इंडियन पोटाश लिमिटेड एवं कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा एक दिवसीय पीएम प्रणाम किसान संगोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में आयोजित किया गया। संगोष्ठी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम करना, भूमि के स्वास्थ्य की रक्षा करना, रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी की जानकारी प्रदान करना तथा कृषकों को जैविक व प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करना था।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने कृषकों को धान फसल एवं रबी फसल की तैयारी तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित होने के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने कृषकों को रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों एवं इससे बचाव के संबंध में बताया। केन्द्र की वैज्ञानिक श्रीमती अंजलि घृतलहरे ने फसलों में पोषक तत्वों की कमी के लक्षण व उसे दूर करने के उपाय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती व जैविक खेती के लाभ के विषय में जानकारी दी। प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला ने उर्वरकों के संतुलित उपयोग करने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए।

इंडियन पोटाश लिमिटेड के वरिष्ठ क्षेत्र अधिकारी ओपी गिरी ने रासायनिक उर्वरकों पर मिलने वाली सब्सिडी की विस्तृत जानकारी प्रदान की। संगोष्ठी में इंडियन पोटाश लिमिटेड से विस्तार अधिकारी मनीष नौरंग, अनुविभागीय अधिकारी कृषि एसएल देशलहरे, कृषि विकास अधिकारी श्रीमती रमशिला गौरकर एवं कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी से डॉ. नूतन रामटेके, मनीष कुमार सिंह, डॉ. योगेंद्र श्रीवास एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

# दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'पोषण पखवाड़ा माह' कार्यक्रम संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के द्वारा 'पोषण पखवाड़ा माह' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया।

उक्त कार्यक्रम मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 बजरंगपुर नवागांव, जिला राजनांदगांव में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समाजकार्य विभाग के विद्यार्थियों एवं आंगनवाड़ी के बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से रैली निकाली गई। जिसमे पोषण पखवाड़ा संबंधित विभिन्न नारे एवं स्लोगन लगाए गए। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। समाजकार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

पोषण जीवन में शारीरिक विकास, कार्य क्षमता और ऊर्जा का आधार है। आंगनवाड़ी के द्वारा छोटे बच्चों व गर्भवती महिलाओं को संतुलित भोजन आहार के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। लोगों को संतुलित आहार व पोषण और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूक करना 'सुपोषित भारत सशक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य है।' आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने अपने उद्बोधन में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों द्वारा पोषण माह दिवस पर सराहनीय कार्यक्रम करने के लिए आभार व्यक्त किया। तथा भविष्य में ऐसे कार्यक्रम की अपेक्षा व्यक्ति की। बच्चों व महिलाओं को पासिंग बॉल सहित विभिन्न प्रकार के खेलकूद कराये गए। समाजकार्य विभाग के स्ववित्तीय प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू, श्रीमती शालिनी सोनी एवं समाज कार्य विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में आज एक विशेष ''अभिभावक-शिक्षक बैठक'' का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों के अकादमिक और नैतिक विकास में स्कूल और अभिभावकों के सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाना था। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया और शिक्षकों से अपने बच्चों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी दिए। कॉलेज की प्राचार्या ''डॉ. रचना पांडेय'' ने इस अवसर पर कहा कि ''विद्यालय और घर के बीच की मजबूत कड़ी ही बच्चों के उज्वल भविष्य की नींव है। यह बैठक सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक साझा जिम्मेदारी का मंच है।'' प्रभारी शिक्षिका ''सुश्री देविका देवांगन'' ने भी बैठक की महत्ता पर जोर देते हुए कहा ''जब शिक्षक और अभिभावक एक साथ मिलकर सोचते हैं, तब हर छात्र की क्षमता एक उपलब्धि में बदल सकती है। हमारा प्रयास है कि हम हर बच्चे को उसकी पूरी संभावना तक पहुँचाएं।'' कॉलेज प्रबंधन ने सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के माध्यम से अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।

# साहू समाज कुमरदा के जोशीलमती परिक्षेत्र के चुनाव संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। तहसील साहू संघ कुमरदा के अंतर्गत जोशीलमती परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव आज संपन्न हुआ। जिसमें राजनांदगांव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, मिलाप दास साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा, गिरधारी लाल साहू निर्वाचन अधिकारी, फकीर राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र कुमरदा, देवानंद साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र, डीलेश्वर साहू सह निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में त्रिलोचन साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

उपाध्यक्ष बिपत साहू, संगठन सचिव राजेश साहू, संगठन सचिव महिला किरण साहू, उपाध्यक्ष महिला भगवती साहू। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को तहसील साहू संघ कुमरदा ने प्रमाण पत्र देकर गुलाल तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर राजनांदगांव जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष गीता घासी साहू, मिलाप दास साहू अध्यक्ष तहसील कुमरदा, गिरधारी लाल साहू, ज्ञानचंद साहू, दुलार सिंह साहू, हिरेंद्र साहू एवं समाज के सभी वरिष्ठजन एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे नवनिर्वाचितों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## शेष प्रथम का

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा फैसला....**

है। ऐसे में अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कॉम्प्लेक्स जेनरिक दवाएं इस टैरिफ के दायरे में आएंगी या नहीं। अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर पहले ही 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। इसमें रूस से तेल खरीदने के विरोध में लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। फार्म सेक्टर को इस टैरिफ से राहत दी गई थी, लेकिन अब इस पर भी टैरिफ लगा दिया। ब्रांडेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने से अमेरिका में यह दवाएं दोगुनी महंगी हो जाएंगी। इससे इनकी डिमांड और सप्लाई प्रभावित होगी। उत्पादन घटेगा तो न सिर्फ कंपनियों का मुनाफा, बल्कि हजारों लोगों के रोजगार पर भी संकट आ सकता है। हालांकि, कंपनियां अन्य देशों में स मार्केट का विकल्प तलाशेंगी।

**सोनम वांगचुक एनएसए के तहत....**

एपेक्स बॉडी के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं, करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की मांग को लेकर पिछले पांच वर्षों से आंदोलन चला रहे हैं। हालांकि, सोनम वांगचुक ने इन आरोपों से इनकार किया है और हिंसा की निंदा करते हुए अपना 15 दिन से जारी अनशन बुधवार को समाप्त कर दिया था।

**कस्टम मिलिंग घोटाला: रायपुर में बड़े बिल्डर.....**

चलाने वाले सिद्धार्थ सिंघानियां को जिम्मेदारी दी थी। सिद्धार्थ ने शराब दुकान के कर्मचारियों के माध्यम से कमीशन की वसूली कर पैसा रिटायर्ड IAS अनिल टुटेजा के पास रायपुर पहुंचाया। EOW के मुताबिक टुटेजा के माध्यम से मनोज और रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचा। स्कैम के सिंडिकेट ने प्रति-क्विंटल 20 रुपए कट फिक्स किया था। इसमें मनोज सोनी सिंडिकेट ऑपरेट करता था। अनवर ढेबर के ऑर्डर पर 33 जिलों में वसूली हुई, जबकि कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल के पास पैसा स्टोर होता था।

**मणिपुर, नगालैंड-अरुणाचल में अफस्पा....**

पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में अफस्पा लागू नहीं होगा उनमें इंफाल, लंफाल, सिटी, सिंगजामेई, पाटसोई, इंफाल पश्चिम जिले में वांगोई, पोरोम्पैट, हेइंगंग, इम्फाल पूर्वी जिले में इरिलबुंग, थौबल जिले में थौबल और बिष्णुपुर जिले में बिष्णुपुर और नामबोल और काकचिंग जिले में काकचिंग शामिल हैं। अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्रों में कार्यरत सशस्त्र बलों को तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और यदि वे आवश्यक समझें तो गोली चलाने का अधिकार है। मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। यहां भाजपा नीत सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने जातीय हिंसा के बाद 9 फरवरी को इस्तीफा दे दिया था। मई 2023 से शुरू हुई इस हिंसा में 260 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। अशांत क्षेत्र घोषणा पूरे मणिपुर में 2004 से 2022 के प्रारम्भ तक लागू थी।

**मुख्यमंत्री साय ने की बड़ी घोषणा....**

प्रोत्साहित करने हेतु हमने विशेष तैयारी की है। ओलंपिक खेलों में प्रदेश के स्वर्ण पदक विजेताओं को तीन करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को दो करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को एक करोड़ रुपये देने का निर्णय लिया गया है। स्वाभाविक रूप से इससे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, हमारी सरकार का प्रयास है कि खेलों का बजट बढ़ाया जाए और कॉरपोरेट क्षेत्र की सहभागिता को भी प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ष 2036 में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपिक खेलों के लिए भारत की मेजबानी का प्रस्ताव रखा है और अहमदाबाद शहर को इसके लिए प्रस्तावित किया गया है। स्वाभाविक रूप से केंद्र सरकार का पूरा ध्यान देश में खेलों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर है, ताकि एक दशक के भीतर हम खेलों के क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में उभर सकें। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भी हमें राष्ट्रीय स्तर के खेलों के आयोजन हेतु सामूहिक प्रयास करने होंगे। कैबिनेट मंत्री एवं संघ के उपाध्यक्ष केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में बस्तर ओलंपिक जैसी खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई है, जिससे सुदूर वनांचल की खेल प्रतिभाओं को एक सुनहरा मंच मिला है। इस अवसर पर सचिवीय प्रतिवेदन का वाचन महासचिव विक्रम सिसोदिया ने किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष हिमांशु द्विवेदी, गजराज पगारिया एवं कोषाध्यक्ष संजय मिश्रा सहित खेल संघ से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**पाकिस्तानी पीएम का भारत के खिलाफ....**

है बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून का भी उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने साफ कर दिया है कि वह अपने 24 करोड़ लोगों के पानी के अधिकार की रक्षा करेगा और सिंधु जल संधि के किसी भी उल्लंघन को युद्ध की तरह ही मानेगा। शहबाज ने एक बार फिर से कश्मीर का मुद्दा उठाया और कहा कि वे कश्मीरियों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि एक दिन कश्मीर में संयुक्त राष्ट्र के कानून के तहत एक निष्पक्ष जनमत संग्रह होगा और कश्मीरियों को खुद फैसले लेने का अधिकार मिलेगा।

# सुकुलदैहान एवं अंजोरा में एनआरएलएम अंतर्गत आजीविका मूलक कार्यों की सराहना की

### प्रमुख सचिव ने समूह की महिलाओं को किया प्रोत्साहित

### प्रमुख सचिव ने ग्राम मुसराखुर्द में महिलाओं को ई-रिक्शा का किया वितरण एवं लखपति दीदीयों से की चर्चा



राजनांदगांव (दावा)। प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारिक सिंह एवं मिशन संचालक मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अश्वनी देवांगन ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में स्वर्ण उपज एफपीओ की चना प्रसंस्करण इकाई एवं अंजोरा में हर्बल गुलाल एवं पूजन सामग्री उत्पादन एवं पैकेजिंग इकाई का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह एवं राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती अभिलाषा आनंद भी उपस्थित रही। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लाइवलीहुड मॉडल के संबंध में जानकारी दी। प्रमुख सचिव ने डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुसराखुर्द डोंगरगढ़ में पदयात्री प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया। उन्होंने लखपति दीदी से चर्चा की तथा महिलाओं को ई-रिक्शा का वितरण किया। प्रमुख सचिव ने ग्राम सुकुलदैहान में 15 हजार 875 महिला किसानों द्वारा स्वर्ण उपज महिला उत्पादक कंपनी प्रसंस्करण इकाई का अवलोकन किया। 15 हजार 875 महिला किसानों ने सोयाबीन, चना एवं अन्य फसलों की खरीदी कर चना प्रसंस्करण इकाई में कार्य कर रही है। प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारिक सिंह राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अंजोरा में मल्टीयूटिलीटी सेंटर में महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे हर्बल गुलाल, गोपीगुरू चंदन, सिंदूर, रोली, कुमकुम निर्माण एवं पैकेजिंग के कार्य का जायजा लिया। उन्होने यहां किए जा रहे आजीविका मूलक कार्यो की सराहना की।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जगमग हुआ हेमंत का घर


सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भर बने हेमंत कुमार पाण्डेय
बिजली बचत से प्रेरित होकर खरीदे इलेक्ट्रिक वाहन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना कई परिवारों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आयी है। इस योजना का लाभ उठाकर राजनांदगांव शहर के सहदेव नगर निवासी हेमंत कुमार पाण्डेय ने न केवल अपने बिजली बिल को शून्य कर दिया है, बल्कि अतिरिक्त बिजली उत्पादन कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है।

श्री पाण्डेय ने नवंबर 2024 में अपने घर की छत पर 3-3 किलोवाट क्षमता वाले दो सोलर पैनल स्थापित किया था। लगभग 4 लाख 20 हजार रूपए की लागत वाले इस प्रोजेक्ट में उन्हें केंद्र सरकार से 78 हजार रूपए प्रति यूनिट कुल 1 लाख 56 हजार रूपए प्राप्त हुआ। साथ ही राज्य शासन से 30-30 हजार रूपए की सब्सिडी भी मिलेगी। इस प्रकार कुल 2 लाख 16 हजार रूपए की सहायता होने से उनकी वास्तविक लागत आधी हो जाएगी।

पहले हर महीने उनका बिजली बिल 1200 से 1500 रूपए और गर्मियों में 2000 रूपए से अधिक आता था, लेकिन सोलर पैनल लगाने के बाद नवंबर 2024 से अब तक उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य है। इतना ही नहीं लगभग 1720 एवं 1918 यूनिट अतिरिक्त बिजली ग्रीड में जमा हो चुकी है। जिसे वह जरूरत पडने् पर उपयोग कर सकते हैं। बिजली बचत से प्रेरित होकर हेमंत कुमार पाण्डेय ने 2 इलेक्ट्रिक वाहन भी खरीदे हैं। जिससे उन्हें पेट्रोल-डीजल पर होने वाला खर्च की भी बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना आम नागरिकों के लिए बेहद उपयोगी है। इससे आर्थिक बचत भी हो रही है और पर्यावरण को भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधन जैसे कोयला, पेट्रोल और डीजल सीमित हैं। जबकि सौर ऊर्जा असीमित और स्वच्छ है। यदि अधिक से अधिक लोग इस योजना से जुड़ें तो न केवल बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भरता आएगी। बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ा योगदान मिलेगा। हेमंत कुमार पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सुंदरा मंडल साहू समाज के सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम तोरणकट्टा में सुंदरा मंडल साहू समाज प्रतिनिधि अध्यक्ष बृजभूषण साहू, सचिव किशन दास साहू, कोषाध्यक्ष दीनदयाल साहू, मंडल साहू, उपाध्यक्ष धनशाय साहू, सहसचिव दिनेश, कुमार साहू, अंकेक्षक बिसहत साहू, संगठन सचिव रेखलाल साहू, सामाजिक प्रतिनिधि द्वारा ग्राम तोरणकटा में साहू समाज ईकाई साहू समाज अध्यक्ष, उपाध्यक्ष.संघठन सचिव का चुनाव किया गया। जिसमें सभी सदस्य निर्विरोध चुने गए।

जिसमें साहू समाज अध्यक्ष लेखराज साहू, उपाध्यक्ष डॉ. युगल साहू, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती साहू, संगठन सचिव दिनेश साहू, महिला संगठन सचिव श्रीमती डेमीन साहू, सचिव आधार साहू, कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, अंकेक्षक रामदास साहू, संरक्षक रेखलाल साहू, मोतीदास साहू, बृजभूषण साहू, करण दास साहू, पवन कुमार साहू, युवा प्रकोष्ठ लिकेश साहू, महिला युवा प्रकोष्ठ कुसुम साहू सहित अन्य सभी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनायें।

## केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में कटौती से जनता और सरकार दोनों को होगा बड़ा लाभ-रविंद्र रामटेके


जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष का बड़ा बयान

राजनांदगांव (दावा)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में केंद्र सरकार द्वारा किए गए बदलाव को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र रामटेके ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आमजन के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए कर व्यवस्था को सरल और जनहितैषी बनाया है। श्री रामटेके ने आगे कहा कि 1 जुलाई 2017 से देश में जीएसटी लागू होने के बाद केंद्र सरकार ने कर प्रणाली में बड़ा सुधार किया है। पहले जहां जीएसटी की चार स्लैब थीं।

वहीं अब सरकार ने इसे घटाकर केवल दो स्लैब तक सीमित कर दिया है। 28 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की दरों को समाप्त कर अब केवल 5प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दरें ही रखी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन के कारण देशभर में करीब 99त्न वस्तुएँ और सेवाएं सस्ती हो चुकी हैं। इससे आम जनता को सीधा राहत मिली है उनका क्रय-शक्ति बढ़ा है और गरीबी दूर करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने ने आगे कहा कि जब वस्तुएं सस्ती होंगी तो लोग अधिक से अधिक खरीदारी करेंगे। इससे बाजार में रौनक बढ़ेगी और सरकार को भी अधिक मात्रा में कर संग्रह होगा। भले ही सरकार ने टैक्स दरों में कटौती की है, लेकिन बड़े पैमाने पर लेन-देन बढ़ने से सरकार को पहले से कहीं अधिक राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस जनहितैषी निर्णय से जनता का झुकाव स्वेच्छा से टैक्स भुगतान की ओर बढ़ेगा और देश की अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी।

## ढारा में श्री रामभक्त समिति द्वारा माता के भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन

डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। मां बमलेश्वरी एवं मां भवानी के दर्शन करने जा रहे पदयात्रियों के लिए श्री राम भक्त समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारा का आयोजन किया गया है। इसी तरह ग्राम बेलगांव में मां बमलेश्वरी पदयात्रा सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें पद यात्री बड़ी संख्या में भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।

## जंगलेसर बगदई धाम में 30 सितंबर को भव्य भंडारा


शिव शक्ति नागेश्वर मंदिर में 1 अक्टूबर तक धार्मिक आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। समस्त ग्रामवासी ग्राम जंगलेसर (बगदई धाम) स्थित शिव शक्ति नागेश्वर मंदिर में आगामी 26 सितंबर से 1 अक्टूबर तक धार्मिक अनुष्ठान और भव्य कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष भूषण साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 26 सितंबर को पंचमी माता के विशेष श्रृंगार से होगी।

मुख्य समारोह 30 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें अष्टमी पूजन, हवन पूजन और उसके उपरांत विशाल भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा 30 सितंबर को आयोजित होने वाले विशाल भंडारे की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिसमें क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रमों का समापन 1 अक्टूबर को ज्योति विसर्जन के साथ होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य बंसी रजक, युवराज साहू, युगल साहू, देवेंद्र शुक्ला, बलदाऊ साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सक्रिय रूप से शामिल होंगे।

## संस्था ने वन अधिकार के लिए विभिन्न कार्य गतिविधि का प्रशिक्षण संपन्न करने पर पर आभार व्यक्त किया गया है

बांधाबाजार (दावा)। आदिवासी बाहुल्य वनांचल में कार्यरत सृष्टि संस्था परियोजना कार्यालय ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ राज्य ने वन भूमि पर निर्भर जन समुदाय के गरीब वंचित लोगों का आभार प्रदर्शन 24 को परियोजना कार्यालय ग्राम दक्कोटोला में आयोजित किया गया था। जो कि 13 दिसंबर 2005 के पूर्व वन भूमि पर काबिज होकर अपनी आजीविका का निर्वहन कर रहे है उनके संवैधानिक प्रावधान के अनुकूल काबिज वन भूमि पर अधिकार सुरक्षित करने संवैधानिक प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाने का कार्य किया है। संस्था के परियोजना कलस्टर समन्वयक श्री जयदेव मोहुर्ले ने बताया कि सन 2023 से सन 2025 के इन तीन वर्षों के दौरान तहसील अंबागढ़ चौकी और मोहला तहसील के 15 ग्राम के 8 ग्राम पंचायत का कार्यक्षेत्र है। इस दौरान संस्था ने ग्राम सभा सदस्यों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण, ग्राम वन अधिकार समिति के सदस्यों का क्षमता व र्धन प्रशिक्षण और व्यक्तिगत और



सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन अधिकार का दावा पत्र प्रक्रिया करने संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। संस्था ने वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्यों को उनकी जवाबदारी और कर्तव्य और वन अधिकार अधिनियम के संवैधानिक प्रावधान का पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। वन भूमि पर निर्भर जन समुदाय और अध्यक्ष एवं सचिव को वन अधिकार समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों को दिखाने समझने और सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन को दिखाने महाराष्ट्र राज्य और छत्तीसगढ़ राज्य में एक्सपोजर विजिट करवाया गया था।

वन निवासियों को आधुनिक तकनीकी रूप से गौण वन उपज संकलन प्रसंस्करण प्रक्रिया करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षण से लाभान्वित करवाता गया है। इसके अलावा कार्यक्षेत्र के लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने और उस कार्य का संवैधानिक प्रावधान पर मनरेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी लाभ प्राप्त हुआ है। ग्रामीणों को निःशुल्क शासकीय दस्तावेज की जानकारी लेने हेतु सूचना का अधिकार लगाने का तरीका बताया गया था। संस्था ने कार्यक्षेत्र के लोगो को उनके हक अधिकार की जानकारी लेने हेतु संबंधित विभागीय कार्यालयों में ले जाकर अधिकारी कर्मचारियों जनप्रतिनिधि से संवाद और जानकारी लेने के दृष्टिकोण से विजित करवाया है। वेल फेयर कैंप के माध्यम से शासकीय कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक योजनाओं की जानकारी की जानकारी देने हेतु सामाजिक लोक कल्याण कारी शिविर का आयोजन कर लाभान्वित करने का कार्य किया गया है। संस्था के संयोजक केशव भाऊ गुरनूले ने इन समस्त कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग किया है और सहभागी बनकर लाभान्वित हुए है इसके लिए कार्यक्षेत्र के सभी ग्राम सभा सदस्यों को हार्दिक अभिनंदन करते हुए बधाई दिया है। इस अवसर पर कार्यकर्ता जयदेव मोहुर्ले और अर्जुन कुमेटी श्री गजाराम धुर्वे श्रीमति सरिता कोरेटी ने अथक परिश्रम कर कार्य क्रम को सफल किया है।

## शासकीय विद्यालय टटेंगा में स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न



हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में चिरायु टीम-(सी) डौंडीलोहारा के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और स्कूल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्कूली बालिकाओं को माहवारी के दौरान होने वाले समस्याओं के बारे में तथा उनसे संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों की खून जांच में हिमोग्लोबिन व सिकलिंग की जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण में बीमार बच्चों का उपचार किया गया साथ ही सभी विद्यार्थियों के वजन और ऊंचाई नापी गई। प्राचार्य आर के देवांगन की उपस्थिति में चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय साहू एवं डॉ.सादिया बानो के साथ फार्मासिस्ट दीपशिखा ठाकुर, एमएलटी तोषकुमारी सिन्हा, एएनएम अनीता साहू ने विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की। व्याख्याता हैपशीबा एंथोनी, अजय पाठक, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू ने व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान की। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, महेश रावटे, रवि देवांगन, चंद्र प्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु पटेल, बिंदु साहू उपस्थित रहे।

## विनोद कुमार टेम्बुकर यंग चैंपियन अवार्ड से सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य के संस्कारधानी राजनांदगांव के युवा समाजसेवी विनोद कुमार टेम्बुकर ने एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्र की सेवा, एकता व अखंडता को समर्पित संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) की सिल्वर जुबली के अवसर पर उन्हें यंग चैंपियन अवार्ड और वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया



निफा के अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में समाजसेवा के लिए मिला वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड प्रमाण पत्र

### उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए मिला सम्मान

निफा की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में भारत, मॉरीशस और जापान के युवा समाजसेवियों ने भाग लिया। प्रथम दिवस भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान समारोह में विनोद टेम्बुकर को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। विनोद टेम्बुकर को यह सम्मान विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, रक्तदान, साइबर जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन और अन्य सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए दिया गया है।

### करनाल में जन जागरूकता रैली का आयोजन

पुरस्कार समारोह के बाद करनाल, हरियाणा में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी राज्यों से आए युवा समाजसेवियों के माध्यम से जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रीतलाल पन्नू (चेयरमैन निफा), हरविंदर कल्याण (हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष), संजय पंजवानी (वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड), संदीप सिंह (दुबई) सहित मॉरीशस, जापान, दुबई, इंग्लैंड और कनाडा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विनोद कुमार टेम्बुकर का यह सम्मान समाज के अन्य युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

## पीएम नरेंद्र मोदी पर आधारित बायोपिक का प्रदर्शन तिलईरवार हा.से. स्कूल में



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता रहे। विद्यालय में सभी कक्षाओं में प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी स्टॉफ सदस्यों की उपस्थिति में सभी छात्र-छात्राओं को कक्षावार दिखाया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती नंदीका कुंजाम, सीएसबी कुंजाम, जनपद सदस्य श्रीमती कांतिबाई चंद्रवंशी, हरिचंद यादव, आशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर एवं ग्रामीणजन प्रतिनिधिगण आदि सभी की उपस्थिति रही।

## बजरंगपुर चौकी में महिला बाल विकास एवं परिवार परामर्श पर जागरूकता कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट राजनांदगांव द्वारा 21 सितंबर को बजरंगपुर-नवागांव स्थित पुलिस चौकी में महिला बाल विकास और परिवार परामर्श पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस चौकी के आरक्षक ने महिला संरक्षण के संदर्भ में अपनी बात रखते हुए कहा कि महिला सृष्टि की जननी होती है, इसलिए महिलाओं का आदर, सम्मान और उनका संरक्षण करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। इसी कड़ी में चैरिटी ट्रस्ट के मार्गदर्शक ओम प्रकाश सहारे ने महिला सशक्तिकरण और परिवार परामर्श के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में अनेक गुण होते हैं और वे अपने गुणों से घर-परिवार को संवारकर रखती हैं और उसे टूटने से बचाती हैं। श्री सहारे ने जोर देकर कहा कि महिला अबला नहीं होती, बल्कि वह शक्तिशाली सबला होती है और वह पुरुषों से भी अधिक कार्य करती है। इसलिए महिलाओं का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। यह कार्यक्रम समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

## दिग्विजय कॉलेज एनएसएस इकाई को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार


सामाजिक सेवा और जन जागरूकता अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। दिनांक 22 सितंबर को महाविद्यालय की एनएसएस इकाई को इस वर्ष के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान इकाई के उत्कृष्ट सामाजिक सरोकारों, जनजागरूकता अभियानों और समाजसेवा की गतिविधियों के लिए प्रदान किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट गतिविधियों का सफल संचालन

महाविद्यालय की ह्स्स् इकाई ने विगत वर्षों में समाजोपयोगी अनेक महत्वपूर्ण कार्यों का सफल संचालन किया है। इनमें मुख्य रूप से स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, मतदाता जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर, प्लास्टिक मुक्त अभियान, वृक्षारोपण और नशा मुक्ति जागरूकता जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित विशेष शिविरों के माध्यम से युवाओं को सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने का कार्य लगातार किया गया है।

### प्राचार्य ने व्यक्त किया हर्ष

इस विशिष्ट उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान हमारे ह्स्स् स्वयंसेवकों की निस्वार्थ सेवा भावना और कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विद्यार्थी समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते रहेंगे।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर संजय सप्तऋषि और प्रोफेसर करुणा रावटे एवं सभी स्वयंसेवकों के अथक परिश्रम और समर्पण ने महाविद्यालय को प्रदेश स्तर पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं, पूर्व छात्रों एवं पूरे राजनांदगांव जिले में गौरव का माहौल है। यह राज्य स्तरीय सम्मान आगामी 24 सितंबर को रासेयो स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा। यह समारोह पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, जी.ई. रोड रायपुर में आयोजित होगा। जिसमें मंत्री छग शासन उच्च शिक्षा विभाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान महाविद्यालय की इकाई को पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया जाएगा।

## लिनेस क्लब द्वारा गायत्री विद्यालय में 7 स्टार कार्यक्रम संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। लिनेस क्लब ऑफ राजनांदगांव द्वारा गायत्री विद्यालय में श्रीमती फूलबासन यादव के मुख्य अतिथ्य में लिनेस द्वारा संचालित स्टार का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शिक्षा और सस्कार के क्षेत्र में अग्रणी शाला गायत्री विद्या पीठ में मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी के बच्चों को उनकी विशेष उपलब्धि के कारण सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम माँ गायत्री के आराधना के साथ दीप प्रज्जवलीत किया गया। गायत्री विद्या पीठ ष्ट्वक्चस्श्व की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, ष्ट्त्र अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्य श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल एवं ष्ट्त्र हिन्दी माध्यम की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव द्वारा सभी लिनेस सदस्यो का स्वागत किया गया तपश्चात् लिनेस क्लब के सदस्यो द्वारा श्रीमती फूलबासन यादव का सम्मान किया गया। आयोजन में डिस्ट्रीक्ट प्रेसिडेन्ट अनिता कपूर जी, एरिया ऑफिसर निमिशा ठक्कर जी, लिनेस प्रेसिडेन्ट ऊषा खण्डेलवाल जी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेन्ट सोनाली ओस्तवाल जी एवं सरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी जी. निर्मला पसारी जी. मोना अग्रवाल जी, रीटा पूजारा जी. सरोज कोटडिया जी. माला शुक्ला जी, कविता पारख जी. नियामत हुड्डा, पुष्पा अग्रवाल जी उपस्थित थे तीनो शालाओं की प्राचार्या एव शिक्षक शिक्षिकाए भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में CBSE, CG हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के सात सात प्रतिभावान छात्र-छात्राओ का सम्मान किया गया, लिनेस के सभी सदस्यों द्वारा सभी प्रतिभावान बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का सचालन लिनेस सरोज कोटडिया एवं कविता पारख द्वारा किया गया। लिनेस क्लब के सदस्यों द्वारा कैलाश नगर स्थित जलाराम मंदिर परिसर में बैठक हेतु बैंच का उद्घाटन किया गया। मनोकामना स्कूल में मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए सुखा अनाज वितरण किया गया, इन बच्चों के मैराथन दौड के लिए डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनिता कपूर और लिनेस शारदा तिवारी द्वारा पुरष्कार की राशि दी गई। लिनेस ताहिरा अली जी के निवास स्थान पर स्वजन भेट के पश्चात् अभिलाषा एवं आस्था स्कूल में जाकर तीन सौ सेनेटरी पैड दिये गये व सभी बच्चो को स्वल्पाहार की सामाग्री दी गई। इस प्रकार डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनिता कपूर जी एव एरिया ऑफिसर निमिशा ठक्कर की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न हुई।

# आज पंचमी : पूजी जाएगी मां स्कंदमाता, मातारानी का जगमग होगा श्रृंगार

## नवरात्रि पर्व में बना बारिश का माहौल, आयोजन हो रहे प्रभावित, गंज मंडी में नहीं हो पाया दिलीप षड़ंगी की जस-जगराता

**राजनांदगांव (दावा)।** अश्विनी माह के शुक्ल पक्ष में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम बनी हुई है। जगह-जगह आदि शक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर मातारानी की पूजा आराधना की जा रही है। मंदिरों व दुर्गा पंडालों में घट स्थापना सहित ज्योत-जंवारा बोए गए हैं। श्रद्धालुओं द्वारा देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति प्रज्वलन किया गया है। इससे चारों ओर मां दुर्गा, अंबे, जगदंबे काली की भक्ति-भावना की बयार बह रही है।

नवरात्रि पर्व के इस श्रद्धा-भक्ति पूर्ण धार्मिक आयोजन में बे-मौसम की बारिश खलल डालने का काम कर रहा है। बारिश की वजह से रात में जस-जगराता व अन्य धार्मिक आयोजनों सहित गीत-संगीत व लोक सांस्कृतिक आयोजन नहीं हो पा रहे हैं। गरबा के आयोजन में भी खलल पड़ रहा है। इस बारिश से सबसे ज्यादा परेशानी मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों को हो रही है। दिन हो या देर शाम रात में पदयात्री मातारानी के दरबार में मत्था टेकने भीगते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

### मातारानी का होगा जगमग श्रृंगार

बता दें कि आज अश्विनी नवरात्रि की पंचमी तिथि है। नवरात्र की इस तिथि पर मां स्कंदमाता यानिकि कुमार कार्तिकेय की माता मां पार्वती स्कंध माता के रूप में पूजी जाती है। इस दिन मां भवानी को उसके पांचवें रुप का जगमग श्रृंगार किया जाता है। श्रद्धालु - भक्त जन व मातारानी के उपासक आज पंचमी को पांच रंग के ध्वजा , नींबू, चंदन - बंदन आदि सहित चूड़ी, फूंदरी साड़ी आदि सहित मां के सौंदर्य को जगमग करने वाली सौंदर्य सामग्री चढ़ाई जाएगी। मातारानी को इसके पूर्व गंगाजल, केवड़ा जल दुग्धादि से स्नान कराया जाएगा, तत्पश्चात मातारानी की पूजा अर्चना करते हुए उक्त सौंदर्य सामग्री चढ़ाई जाएगी। इससे जगमग करती मातारानी का सौंदर्य द्विगुणित हो उठेगा। जिसे निहार कर भक्त जन निहाल हो उठेंगे। मंदिरों व दुर्गा पंडालों में आज पंचमी पूजा की धूम बनी रहेगी। मातारानी के इस जगमग रुप को निहारने भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ेगी।

### मंदिरों में भक्तों का रहेगा तांता

नवरात्रि पर्व में पंचमी तिथि का विशेष महत्व है। हालांकि नवरात्रि की पहली तिथि से चतुर्थी तिथि तक



मां भवानी दुर्गा महारानी की हर प्रकार से पूजा की जाती है। मांदर ढोलक की थाप के साथ उनकी यश कीर्ति का गान किया जाता है। लेकिन पंचमी के समय मातारानी की शौर्य युक्त जस गान से श्रद्धालुओं में दैवीय आवेग हो उठता है जिससे वे झूमने -नाचने लगते हैं। स्त्रियां बाल खोल कर झूमने लगती है।उनके मन भर खेलने के पश्चात बैगा-पुजारियों द्वारा उन्हें हूम -धूप दिलाकर शांत कराया जाता।

आज पंचमी को मातारानी की जंवारा फूल बगिया में हल्दी पानी का सिंचन किया जाएगा। इससे वह और भी लहलहा उठेगा। जवांरा के इस लहलहाने को धान की होने वाली फसल से जोड़ कर देखा जाता है।

### पंचमी तिथि को मां सरस्वती शारदा की होगी स्थापना

शक्ति आराधना का पर्व नवरात्रि नौ दिनों का होता है। क्वांर नवरात्रि में पहले ही दिन से मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की जाती है। घट स्थापना किए जाते हैं। जंवारा बोए जाते हैं। देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित की जाती है। लेकिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती शारदे की पूजा व प्रतिमा स्थापना पंचमी के दिन से ही की जाती है। पश्चिम बंगाल में मां दुर्गा की स्थापना पंचमी के दिन से ही की जाती है। शहर के रेल्वे स्टेशन में कोलकाता से ट्रेन में लाया जाकर पंचमी के दिन ही स्थापना की जाएगी जहां नवरात्रि के अंतिम दिनों तक पूजा आराधना का दौर बना रहेगा।

शहर के गंज लाइन में स्थापित मां दुर्गा पंडाल में पंचमी पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। 22 साल हो चुके इस दुर्गोत्सव में समिति के लोगों द्वारा आज मातारानी की महापूजा कर उसे 56 भोग चढ़ाया जाएगा।शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला में शुक्रवार को ही पंचमी पूजन कर लिया गया। वहीं शहर सहित आसपास के देवी मंदिरो यथा- काली माई मंदिर, महामाया मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, मांगी माता मंदिर, चंडी मंदिर, फिरंतीन माता मंदिर, दुर्गा वैष्णवी मंदिर आदि मंदिर में पंचमी का पर्व आज शनिवार को मनाया जाएगा। दुर्गोत्सव समितियों में भी पंचमी पूजा की धूम रहेगी। भक्त जन माता दुर्गा भवानी माता महारानी को चूड़ी फूंदरी साड़ी सहित लकदक रुप से सौंदर्य सामग्री चढ़ाया जाएगा। नख से लेकर सिर तक सोलहों श्रृंगार किया जाएगा। इससे मातारानी का सौंदर्य द्विगुणित हो जगमगा उठेगा जिसका दर्शन कर लोग अपने आप में धन्य महसूस करेंगे। मांदर ढोलककी थाप व झांझ मंजीरे की झनकार के साथ देवी मां का जस गान उंचाईयो को छुएगा। चारों ओर मातारानी का,, जगमग करें श्रृंगार हो माय.. का जस गीत कानों में रस घोल देगी। भक्त जन इस दैवीय गान के साथ झूम उठेंगे... नाच उठेंगे, मन आह्लादित हो उठेगा।



राजनांदगांव (दावा)। आज संस्कारधानी में सिनेमा लाईन स्थित भारत जनरल स्टोर, मधुर क्लॉथ और रामाधीन मार्ग में बागड़ी ब्रदर्स दुकान पहुंचकर नई जीएसटी दर में मौजूद उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न दुकानदारों से सौहार्द्रपूर्ण भेंटकर जीएसटी रिफॉर्म (बचत उत्सव) पर चर्चा की, जिसमें सभी व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचत उत्सव का ह्दय से स्वागत करते हुए आभार जताया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, विनय डड्ढा, विनोद डड्ढा, योगेश बागड़ी, किशोर लालवानी, राजा माखीजा, गिन्नी चावला, आकाश चोपड़ा, पुरुषोत्तम गांधी आदि उपस्थित थे।

# प्रमुख सचिव ने जिले में जल संरक्षण एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की




- प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण
- एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत किया पौधरोपण

राजनांदगांव (दावा)। प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अश्वनी देवांगन ने आज ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के अंतर्गत विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती अभिलाषा आनंद भी उपस्थित रही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। दौरे के दौरान ग्राम बरगा स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव ने जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत एसएलडब्ल्यूएम शेड का अवलोकन कर स्वच्छताग्राही दीदियों से रूबरू हुई और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। एपीओ मनरेगा श्री फैज द्वारा बोरवेल रिचार्ज एवं परकोलेशन टैंक लाइनर तालाब संबंधी तकनीकी जानकारी दी। जिले में संचालित ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लॉट संबंधी जानकारी डॉ. छोटे लाल साहू द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 37 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं तथा इसी प्रकार अन्य कार्यों की स्वीकृति भी प्रदान की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेंद्र कौशिक, सोमनाथ साहू तथा जनपद स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिवनाथ वाटिका में गरबे की धूम, अतिथियों की मौजूदगी से बढ़ी रौनक



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व पर संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति द्वारा शिवनाथ वाटिका में आयोजित संस्कारधानी गरबा उत्सव-सीजन 9 में रंगारंग कार्यक्रम की धूम रही। अतिथियों की मौजूदगी और गरबा प्रेमियों के उत्साह ने पूरे पंडाल को भक्ति और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, डीएफओ आयुष जैन सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। वहीं विशेष अतिथि के सुनील अग्रवाल परिवार सहित राजेश सोनी, श्रद्धा अग्रवाल मुनोत और नेहा सावा, मनदीप सिंह की उपस्थिति रही। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के बाद गरबा का शुभारंभ हुआ।

आयोजक अवंत अग्रवाल ने कहा कि संस्कारधानी गरबा उत्सव अब शहर की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। यह आयोजन धार्मिक




आस्था और आधुनिकता का संगम है, जिसमें हर आयु वर्ग का उत्साह देखने को मिलता है। वहीं संयोजक राहुल चोपड़ा ने कहा कि इस उत्सव का उद्देश्य समाज को परंपरा और एकता की डोर से जोड़ना है।

### विजेताओं को मिला सम्मान

चौथे दिन के गरबा उत्सव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। बेस्ट गरबा मेल का खिताब नितिन रुचंदानी ने जीता। बेस्ट गरबा फीमेल का खिताब रिवा पंजवानी के नाम रहा। बेस्ट ड्रेसअप मेल में विक्की सेन, जबकि बेस्ट ड्रेसअप फीमेल में रश्मिका ललवानी को सम्मानित किया गया। बेस्ट गरबा किड का खिताब सिद्दी साहू और बेस्ट कपल का खिताब समीर बंजारे व दीक्षा यादव को मिला। गरबा स्टार (परवती अवॉर्ड) मेल में जय राठी और फीमेल में अंजलि वासवानी को सम्मानित किया गया। स्माइल ऑफ द डे लविशा बत्रा, शाइन फेस ऑफ द डे मेल में अभिषेक जैन और फीमेल में रक्षा खंडेलवाल रहीं। सिल्वर स्क्रीन रील्स कैटेगरी में प्रमोद सोनी, करिश्मा तेजवानी, भूमिजा पांडेय, अभिषेक जैन, पंकज साहू और सिद्धि भोजानी को अव्वल चुना गया। साथ ही वंशीका रजवानी, हर्षित राठी, भविशा रायचा, नंदनी चितलाग्या, नील बत्रा, डॉ. करिश्मा तेजवानी, जहान अहुजा, नीशा मंजर, दिव्या गुप्ता को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया.

### पंडाल में उमड़ा जनसैलाब

डिजिटल लाइट की जगमगाहट और सिलेब्रिटी बैंड काफ़िला ग्रुप की मधुर म्यूजिक की थाप पर सजे-धजे युवक-युवतियों ने गरबा के शानदार पैंतरे दिखाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। देर रात तक पंडाल में गरबे की गूंज और भक्तिमय माहौल छाया रहा।

**भूखंड बेचना है**

खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।

अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।

नोट : - अलग-अलग साईज में भी भूखंड दीये जा सकते है।

# राजनांदगांव जिला राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित

- 0 जल शक्ति मंत्रालय की जनभागीदारी से जल संचय प्रतिस्पर्धा में राजनांदगांव जिले ने किया बेहतरीन प्रदर्शन
- 0 जिले को 2 करोड़ रूपए की अवार्ड राशि से किया जाएगा सम्मानित
- 0 जल संरक्षण अभियान ने लिया जन-आंदोलन का स्वरूप



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा देशभर में जन भागीदारी से जल संचय विषय पर आयोजित राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में राजनांदगांव जिले ने देश में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट जिलों में चयनित हुआ है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जिले को 2 करोड़ रूपए की अवार्ड राशि से सम्मानित किया जाएगा। राजनांदगांव जिले ने जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों से छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। राजनांदगांव के जनता एवं सभी के सामूहिक प्रयासों से कारगर परिणाम प्राप्त हुए हैं। इस सफलता का श्रेय राजनांदगांव जिले के सामुदायिक संगठनों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, उद्योग-व्यापार जगत के उद्यमियों और स्थानीय प्रशासन के मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले अंतिम कर्मचारी एवं मेहनतकश श्रमिकों के संयुक्त प्रयासों को है।

गौरतलब है कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सैकड़ों संरचनाओं का निर्माण जन सहयोग से किया गया। ग्रामीण स्तर पर पानी बचाने के लिए विभिन्न अभियानों का संचालन किया गया। जनभागीदारी को केंद्र में रखकर स्थायी समाधान तैयार किए गए। इन्हीं सतत प्रयासों ने राजनांदगांव को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और जिले को टॉप-3 जिलों में शामिल किया। जिले की पद्मश्री फूलबासन यादव एवं उनके समूह ने नीर एवं नारी जल यात्रा निकालकर समाज में जागरूकता की अनूठी मिसाल पेश की। उनके नेतृत्व और समूह की सक्रियता ने जल संरक्षण अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। महिलाओं की यह भागीदारी इस सफलता की प्रमुख आधारशिला साबित हुई। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह प्रतिस्पर्धा देशभर के जिलों में जल संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। संरचनाओं, नवाचार, जन-जागरूकता और स्थायित्व को प्रमुख मानदंड बनाया गया। राजनांदगांव जिले की यह महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित करती है कि जन-भागीदारी से ही स्थायी जल समाधान संभव है। यह सफलता पूरे राज्य और देश के अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण बन रही है। अब आवश्यकता है कि हम सभी राजनांदगांव के जनसामान्य जल के उपयोग और संरक्षण को तथा भू-जल संवर्धन को अधिक से अधिक प्राथमिकता देकर अपने आने वाले कल के लिए अधिक से अधिक संरक्षित करें क्योंकि जल है तो ही कल है।

# मोटर सायकल चोरी करने वाले को सोमनी पुलिस ने धरदबोचा




राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र से चोरी गए मोटर सायकल के चोर को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई मोटर सायकल बरामद की है। सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि मोटर सायकल चोरी के संबंध में प्रार्थी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत 26 अगस्त की सुबह 9 बजे अपने मोटर सायकल क्रं सीजी-07/बीजेड 4388 को कल्याणी इस्पात कंपनी कोपेडीह के मेन गेट सामने खड़ा कर कंपनी के अंदर अपने काम में चला गया था। काम करके रात्रि करीबन 8 बजे कंपनी से बाहर आकर देखा तो उसकी मोटर सायकल अपने स्थान पर नही थी। उसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इस दौरान मुखबीर एवं तकनीकी सहयोग से संदेही निलेश तिवारी उर्फ सुनील तिवारी पिता रामप्रसाद तिवारी उम्र 23 साल निवासी शंकरपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिस पर मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी-07/बीजेड 4388 को 26 अगस्त को कल्याणी इस्पात कंपनी कोपेडीह से चोरी करना तथा चोरी की गयी मोटर सायकल को अपने पास रखना बताया। जिसे आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी निलेश तिवारी उर्फ सुनील तिवारी को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड में जेल भेजा दिया गया है।



राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वैन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।

-: बग्गा ट्रेवल्स :-


सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

# पुलिस ने गुम बैग को एक घंटे के अंदर ढूंढकर लौटाया, बैग पाकर खिला महिला का चेहरा



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने एक बार फिर अपनी सहयोगात्मक भाव दिखाते हुए महिला का गुम बैग खोज निकालकर उसे सुरक्षित वापिस लौटाया। पुलिस की इस सहयोगात्मक भाव देखकर उक्त महिला ने उनका धन्यवाद ज्ञापन किया है।

बताया जाता है कि 25 सितंबर को रंजीता मिश्रा पिता सुरेश पांडे निवासी तुलसीपुर द्वारा साइबर सेल आकर अपनी आपबीती बताई की गत 22 सितंबर को ममता नगर से ऑटो बैठकर कौरिनभाठा पहुंची, जहां ऑटो से उतरते समय अपने पास रखे बैग को ऑटो में भूल गई। इस पर साइबर सेल (त्रिनेत्र योजना) की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम त्रिनेत्र योजना में कार्यरत कर्मचारी अभिषेक साहू की मदद से ममता नगर से कौरिनभाठा तक सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाल गया और उक्त ऑटो की पहचान कर उनके चालक को बुलाया गया। उससे पूछताछ करने पर महिला द्वारा अपने बैग को ऑटो में भूलना बताया। पुलिस ने ऑटो चालक के पास से उक्त बैग और उसमें रखे नगदी रकम और वोटर आईडी कार्ड बरामद किया और रंजीता मिश्रा को इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम में ऑटो चालक के सामने गुम बैग को सुपुर्द किया गया। रंजीता मिश्रा ने पुलिस की त्वरित कार्यवाही को साधुवाद करते हुये खुशी जाहिर की है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com